जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, शुक्रवार 29 मार्च, 2024




**अधिकृत डीलर:** उदयपुर: वी.एस.एस. हीरो, हीरन मगरी, अहमदाबाद रोड़, 9289922640, मनामा हीरो, बी.एन. कॉलेज के सामने, पाठों की मगरी, 9289922198, रॉयल हीरो, पंचवटी, 9289922196, चित्तौड़गढ़: शिशोदिया हीरो, 9289922422, एवीएस हीरो, 9289922767, बांसवाड़ा: तैय्यब हीरो, 9289922204, राजसमन्द: आकाशगंगा हीरो, 9289922477, **एडिशनल वर्कशॉप:** आकाशगंगा हीरो, 50 फीट रोड़, कॉकरोली, राजसमन्द: 9636068048, डुंगरपुर: दोशी हीरो, 9289922620, **एक्सटेंशन काउंटर: नवदेरा रोड़,** 9460908688, घाटोल: रिषभदेव हीरो, 9289922969, सागवाड़ा: सिटी हीरो, बांसवाड़ा रोड़ 9289922941, **अधिकृत सर्विस पॉइंट:** उदयपुर: उदयपुर मोटर्स, 9414165252, 7073822252, ग्लोबल मोटर्स 9414102552, रॉयल ऑटो पॉइंट, 2454023, 9414160518 खैरवाड़ा: सुरभि मोटर, 9929282708, 9413318708, नाथद्वारा: श्रीकृष्णा ऑटोमोबाईल्स, 9829137948, रेलमगरा: बोहरा ऑटोमोबाईल्स कम्पनी, 9414620981, 02952-267503, आमेट: बुरहानी मोटर्स, 9414659253, भिन्डर: सैफ ऑटोमोबाईल्स, उदयपुर रोड़, 02957-250268, 9414831786, प्रतापगढ़: स्वास्तिक मोटर्स, 9414109096, सगतडा: मेवाड़ ऑटो पॉइंट, 261257, 9460508614, वल्लभनगर: मै. नाकोडा ऑटोमोबाईल्स, 240081, 9413161901, सलूम्बर: मैमून मोटर्स, 232271, 9214934353, फतेहनगर: बोहरा मोटर कम्पनी, 220164, 221164, आसपुर: कुंदन मोटर कम्पनी, 9414724292, बेंगू: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स, 9414730240, गोगुंदा: ललित मोटर्स, 9530075925, सिमलवाड़ा: नागेश्वर मोटर्स, 9783459901, 9672703377, गढ़ी-परतापुर: टॉप गियर, 9799341799, गनोदा: आरकेजी मोटर्स, पुराना बस स्टैण्ड, 7428595882, झाडोल: भवानी मोटर्स, उदयपुर रोड़, 8003597815, 7340054497, कपासन: श्री नाकोड़ा एजेन्सी, 9829341093, सबला: पुण्य मोटर्स, 9828675755, डबोक: बी.एस.एस. मोटर्स, मावली रोड़, 0294-2655555, 9649424777, बागीडोरा: सुरभी ऑटोमोबाईल, 7568350255, चितरी: वी.के. मोटर्स, 9983681980, **एक्सटेंशन काउंटर:** कोठरी: अरनव हीरो 9509991554, 9414687129, कुराबड़: राज मोटर्स 9414977821, 9982821313, डूंगरपुर: श्री मोटर्स 9460908688, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** बांसवाड़ा: तैय्यब हीरो, 9289922204, डूंगरपुर: दोशी हीरो, 9289922620

## विचार बिन्दु

**हमारी आनंदपूर्ण बदकारियाँ ही हमारी उत्पीड़क चाबुक बन जाती हैं। –शेक्सपियर**

# प्रदूषण: चुनाव का मुद्दा क्यों न हो

देश में संसद के हेतु चुनाव होने जा रहे हैं। किसको टिकिट मिलेगा और कहां से तथा वह कौनसी राजनीतिक पार्टी का उम्मीदवार है ऐसे कई मुद्दे चुनाव में अपनी भूमिका रखते हैं। इस चुनाव में उम्मीदवार अपनी पार्टी छोडकर अन्य पार्टी के टिकिट पर भी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनावों में नैतिकता कहीं खो चुकी है। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक पार्टी व स्वंय उम्मीदवार की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाया जा रहा है। भाजपा बनाम I.N.D.I.A का बड़ा दंगल है। चुनावों की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। देश में 97 करोड़ मतदाता हैं। जातिवाद, धर्म, गरीबी–अमीरी, लिंगभेद, बेरोजगारी आदि प्रश्न इन चुनावों में देखने को मिलेंगे। नेताओं के भाषणों ने मर्यादा की सब सीमायें तोड़ दी हैं। नेता लोग कुर्सी के लिये कुछ भी करने को तैयार हैं। देश के सामने कई समस्यायें हैं। किसानों, मजदूरों, नौकरी पेशा लोगों की व्यापारियों, विद्यार्थियों की, महिलाओं की, अमीरों की, गरीबों की, रोटी की, पीने के पानी की, इलाज की आदि की समस्याओं से देश जूझ रहा है। समाधान ढूँढने पर भी नहीं मिल रहा है। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया है, समरसता व समता का अधिकार दिया है। प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय देने की घोषणा की है। सबसे महत्वपूर्ण अधिकार जो हमें संविधान ने दिया है, वह है जीने का अधिकार। वह भी गरिमा मय होना चाहिये। जीने के अधिकार में अर्थात् गरिमा मय जीने के अधिकार में आता है, स्वस्थ्य पर्यावरण में जीना। हम हैं कि प्रतिदिन पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। हमारे जीवन की वर्तमान कला ने हमारे खाने, पीने का पानी और सांस तक लेने के पर्यावरण को इतना प्रदूषित व विषैला कर दिया है कि कुछ वर्षों बाद हम जिन्दा लाश बनकर रह जावेंगे। चन्द्रगुप्त मौर्य के समय की विष कन्या की तरह लोग विषैले हो जायेंगे।

गरिमा मय जीवन के लिये सबसे मुख्य वस्तु है हमारा पर्यावरण स्वस्थ्य हो। किन्तु हमारे दूषित कर्मों ने पर्यावरण को ही दूषित कर दिया है। टॉप 50 देशों में भारत एक है। भारत दुनियां का तीसरा सबसे अधिक प्रदूषित देश है। देश की राजधानी दिल्ली को दुनियां के सबसे खराब गुणवत्ता वाले शहर के रूप में जाना गया है। सबसे अधिक 50 शहरों में 42 देश हमारे भारत में हैं। दिल्ली के विज्ञान एण्ड पर्यावरण केन्द्र की रिपोर्ट 2023–24 के अनुसार भारत के सबसे अधिक प्रदूषित नगर दिल्ली एनसीआर, बेगूसराय व हनुमानगढ़ हैं। 2023–24 की सदी में 20 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में हैं, धौलपुर, श्रीगंगानगर व भरतपुर हैं।

दिल्ली में लगभग सभी लोग किसी न किसी रूप में प्रदूषण सम्बंधित बीमारी से पीडित हैं। चिन्ता इसी बात की है कि दिल्ली वालों की सांसों में जहर घुल रहा है। दिल्ली वाले स्वयं इसके दोषी हैं। उन्होंने इसे सरकार पर छोडा हुआ है। जबकि इस समस्या का समाधान सरकार के पास नहीं हैं अपितु जनता के पास ही है।

हमारे देश की बड़ी–2 नदियों का पानी प्रदूषित हो चुका है। गंगा भी मैली हो चुकी है। कई देशों ने नदियों का व्यक्ति (Human) का दर्जा दिया है। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने गंगा व जमुना को Living Entity कहा है। न्यूजीलैंड की वांगानूई नदी को पवित्र कहा जाता है। यह माना जाता है कि 2050 तक दुनियां की 9.7 अरब की आबादी जल संकट का विकराल रूप देखेगी।

संसार में व हमारे देश ही में लाखों ऐसे लोग हैं जो दवाओं में भी मिलावट कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही यह समाचार सोशल मिडिया पर देखने को मिला कि छोटे बच्चों के स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ जांच में फेल हो गये। बच्चों की अच्छी ग्रोथ के नाम पर देश में 32 हजार करोड़ का व्यापार हो रहा है और प्रतिवर्ष यह 9.89 प्रतिशत बढ़ रहा है। देश में शुद्ध पर्यावरण के नाम पर 15 प्रतिशत डिस्काउण्ट दिया जाता है और फिर भी मिलावट के केसों की संख्या बढ़ रही है। ऐसा मालूम होता है भारत में हेल्थ के नाम पर आंख बंद कर व्यापार हो रहा है। मानों भारत में हेल्थ नाम की कोई चीज नहीं है।

यूएन की Wild Life Conservation Conference (CMS-COP 14 की रिपोर्ट में जो कुछ दिनों पूर्व की आई है उसमें यह कहा गया है, "The worlds' migratory species of animal are in decline, and the global extinction risk is increasing"

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख (जनरल सेक्रेटरी) एंटोनियो गुटेरेस ने अपनी हाल ही रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि धरती खतरे की कगार पर है डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष पृथ्वी की सतह का औसत तापमान लेवल से 1.45 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। यद्यपि 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के अनुसार तापमान की अधिकतम सीमा 1.5 डिग्री तय की गई है। यह रेड अलर्ट की स्थिति है। रिपोर्ट में यह व्यक्त किया है कि पिछले साल समुद्री हीटवेब ने दुनियां के एक तिहाई महासागर पर असर डाला है। ग्रेशियर पिघलने से समुद्र का जल स्तर तीव्र गति से बढ़ रहा है। यदि तापमान 1.5 डिग्री से 2.0 डिग्री तक पहुंच गया तो संसार का एक तिहाई भाग सागर में डूब जायेगा।

> **इलेक्ट्रॉनिक कचरा पर्यावरण की तबाही कर रहा है। नई रिपोर्ट ''ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2024'' में संयुक्त राष्ट्र ने चेताया है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कचरा तबाही पैदा करने जा रहा है। 2022 में संसार में लगभग 62 अरब किलो कचरा हुआ था। प्रत्येक व्यक्ति लगभग 7.8 किलो ई-कचरा उत्पन्न करता है।**

2023–24 में हमने जो तापमान में उतार–चढ़ाव देखा है वह यह प्रमाणित करता है कि ग्लोबल वार्मिंग सत्य घटना है। ग्लेशियर पिघलेंगे, पहाड़ों पर झीले बन जायेंगी और फिर पिघलेंगी इससे जो बाढ़ आयेगी उसमें गांव व शहर बह जावेंगे। नई–नई बीमारियां आ रही हैं, खाने का मिठास बिगड़ गया है। शायद हम सब्जियों के नाम पर जहर खा रहे हैं। जीएम फूड ने हमारी पाचन शक्ति को ही बिगाड़ दिया है। कई देशों में में जीएम फूड के प्रोडक्शन पर रोक लगाई है हमने इस बाबत कोई निश्चित पोलिसी ही नहीं बनाई है।

ग्लोबल वार्मिंग अर्थात जलवायु परिवर्तन का बुरा असर हमारे दैनिक जीवन पर हो रहा है। भारत में सर्दी के बाद सीधे गर्मी। ऐसा लगता है बसंत ऋतु देश में थी ही नहीं जब धरती फूलों से खिल उठती थी। जलवायु परिवर्तन से अन्न जो हम खा रहे, वह भी विषैला होता जा रहा है। अन्न की कई किस्में समाप्ति पर हैं। आज गेंहू की व चावल की कई किस्में लुप्त हो चुकी हैं। कई शहरों में जहां जलवायु परिवर्तन का विपरीत असर है, वहां होने वाले बच्चों पर कुप्रभाव देखा जा रहा है। जन्म से विकृति दिखाई देती है। नई–नई बीमारियां जैसे कोरोना आदि विश्व को तबाह करती दिखाई दे रही हैं। जमीन बंजर हो रही है। विष भी नकली है।

इलेक्ट्रॉनिक कचरा पर्यावरण की तबाही कर रहा है। नई रिपोर्ट ''ग्लोबल ई–वेस्ट मॉनिटर 2024'' में संयुक्त राष्ट्र ने चेताया है कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कचरा तबाही पैदा करने जा रहा है। 2022 में संसार में लगभग 62 अरब किलो कचरा हुआ था। प्रत्येक व्यक्ति लगभग 7.8 किलो ई–कचरा उत्पन्न करता है। अमीर देश, गरीब देशों को यह कचरा भेज रहे हैं। जहां कचरे को संसाधित किया जाता है। जहां हानिकारक पदार्थों के वे सम्पर्क में आते हैं। बहुत कम ई–कचरा की रिसाईकिलिंग हो पाती है। इससे बचाव के साधन नगण्य से हैं। कई कई बीमारियां आने वाली हैं। हजारों टन हानिकारक प्लास्टिक पर्यावरण में है। 45000 टन हानिकारक प्लास्टिक 58 टन पारा पर्यावरण में है जो जीवन को विषमय बना रहे हैं।

संक्षेप में धरती पर जीवन मुश्किल होने जा रहा है। मांसाहारी देश शाकाहारी हो रहे हैं और शाकाहारी मांसाहारी। मांसाहारी भोजन पकाने व पैदा करने में शाकाहारी की अपेक्षा बहुत अधिक पानी व ईंधन की आवश्यकता है। ईंधन ($CO_2$) पैदा करता है, जो ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण है। यदि पेरिस एग्रीमेण्ट की पालना नहीं की तो धरती के मानव रहित भी हो सकती है। पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स ($CO_2$) के जनक हैं और ($CO_2$) ग्लोबल वार्मिंग के लिये उत्तरदायी है। कार्बन ट्रेडिंग एक चक्रव्यूह है, जिससे मानव को निकलना होगा। जलवायु परिवर्तन से बचने का एक रास्ता है कि शाकाहारी बनो और धरती माँ को बचाओ। पेरिस एग्रीमेण्ट की पालना से धरती को बचाया जा सकता है, किन्तु विकसित देश अपने कर्त्तव्य की पूरी पालना नहीं कर रहे हैं।

वर्तमान में हमारा देश चुनावों में व्यस्त रहेगा। हमेशा की भांति राजनीतिक पार्टियां यही नारा लगाती दिखाई देंगी कि गरीबी हटाओ, रोजगार दो, लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान दो। जलवायु परिवर्तन के खतरे से कैसा बचाव किया जावे इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। राजनीतिक पार्टियों के चुनाव मेनीफेस्टो (चुनाव घोषणा पत्र) सदा की भांति प्रकाशित होंगे। अभिव्यक्ति स्वतंत्रता का चुनावों में एक ही अर्थ है, अपने विपक्ष को गाली दो, धार्मिक होने का नाटक करो, अपने भाषणों में पूँ एजाम्प को स्थान दो, धर्म के नाम पर रोटियां सेको, रेबडी बांटो, मिथ्या प्रचार करो। किसी भी पार्टी के चुनाव मेनिफेस्टो में जलवायु परिवर्तन से विश्व को बचाने की कोई बात आज तक किसी पार्टी ने नहीं की है। 370 व 400 की बात भाजपा कर रहा है; किन्तु जिस धरती पर आप रह रहे हैं, उसे विनाश से बचाने की कोई बात न तो भाजपा व न अन्य पार्टियां ही कर रही हैं।

चुनाव इसलिये होते हैं, ताकि हम अपनी पसन्द की सरकार बनायें, जो कल्याणकारी राज्य की छवि वाली हो और संविधान के अनुरूप चलकर देश के लोगों को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक न्याय प्रदान करे। देश के नागरिक भी मूल कर्त्तव्यों को जो संविधान के अनुच्छेद 51क में दिये हैं, उनकी पालना करते हुये संवैधानिक दायित्व को निभा सकें।


हमारे देश का पर्यावरण ही दूषित नहीं है। प्रदूषण हमारी नैतिकता में है, वाणी में है, भाई–चारे में है यहां तक हमारा खान–पान व रहन भी तथा गरिमा मय जीने का अधिकार भी प्रदूषित हो चुका है। चुनावों में हम इन सबको देख सकते हैं। चुनावों में अनैतिकता है। कालाधन, रिश्वत का पैसा, अनैतिक आय से चुनाव संचालित होते हैं। कानून ही हमें झूठ बोलने पर बाध्य करता है। एक अनुमान के अनुसार प्रत्येक प्रत्याशी औसतन 6 करोड़ रूपये खर्च करेगा, किन्तु कानून कहता है प्रत्याशी 95 लाख रूपये से ज्यादा खर्च नहीं कर सकता यह कानूनी करप्ट स्थिति है। हमारा गरिमा मय जीवन का अधिकार ही प्रदूषित हो चुका है, अत: आवश्यक है प्रत्येक राजनीतिक पार्टी अपने चुनाव घोषणा पत्र में यह घोषणा करे कि वह प्रदूषण मुक्त जीने के अधिकार के लिये चुनाव जीतने के बाद, पूरा प्रयास करेगा। मतदाता सोच समझ कर अपने प्रत्याशी को चुनें।

जय मतदाता!

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर**

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

## (or any other appropriate title from Editor's Desk) by Narendra Modi*



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन–मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं।

जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी।

आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न–भिन्न संत–महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं।

रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है।

रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है।

1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का ह्रदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की। बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग–अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे।

मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी। भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे। ओम शांति।

**नरेन्द्र मोदी,**
**–लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं**

# अज़ब तेरी कुदरत गज़ब तेरा खेल



**प्रो. वीर बहादुर सिंह**

उपरोक्त शीर्षक मैने एक पक्षी काला तीतर की जंगल/बागों में आवाजों से लिया है जिसे मैं बचपन में बहुधा सुना करता था। काला तीतर सामान्य तीतर से कुछ बड़ा, तेज आवाज में बोलने वाला और अक्सर झुरमुट में छिप कर रहता है। इसकी आवाज से ऐसा प्रतीत होता कि यह कह रहा है 'भगवान् तेरी कुदरत' अर्थात वह ईश्वर की प्रकृति की सराहना करता मालुम होता है।

इसलिए जगत में उपस्थित प्रकृति के विभिन्न आयामों पर उनके महत्वपूर्ण सूक्ष्तम गुणों और विशेषताओं के वर्णन कर पाठकों को उनसे अवगत कराना है। वैसे तो प्रकृति के बारे में जन सामान्य को कुछ तो ज्ञान जीवन में अनेक स्त्रोतों से भिन्न–भिन्न समय मिलता रहता है परन्तु उस सभी को समेट कर एक जगह करना जिससे पाठक एक बार में ही सम्पूर्ण कुदरत और उसके आश्चर्यजनक खेलों को पढ़ कर अविभूत भी हो और सराहें भी। इस जगत और उसका अपरमित ब्रह्माण्ड जिसमे हम और अन्य प्राणी व् जीवजंतु और असंख्य वनस्पति उत्पन्न, विकसित और नष्ट होते रहते हैं ऐसे ऐसे अकल्पनीय रहस्यों से युक्त है जो समझ से परे हैं। फिर भी मानव ने अपने अंतर ध्यान और अध्ययन से बहुत कुछ ज्ञात कर लिया है लेकिन अभी भी बहुत अधिक जानना शेष है। प्रकृति के रहस्य जानने का क्रम अभी जारी है।

आइये, अब इस जगत के महत्वपूर्ण गजबो पर थोड़ी–थोड़ी चर्चा करते चलें। विषय को विस्तार देने से पूर्व यह जानना भी आवश्यक है कि कुदरत अथवा प्रकृति क्या है ? इस ब्रह्माण्ड में मौजूद सभी सौर मंडलीय सदस्य और उन पर व्याप्त वातावरण और प्राणी, वनस्पति, वायु गैसें, जल, प्रकाश, बर्फ, पहाड़, नदियां व् उनके द्वारा संपन्न विभिन्न समयबद्ध क्रियाएं ही कुदरत या प्रकृति है। इस प्रकर्ति में घटित सभी क्रियाएं सभी के जीवन को नाना प्रकार से प्रभावित करती हैं जो जटिल तो हैं ही रहस्यों से भी भरी पड़ी हैं।

पहले से ही मानव ने सम्पूर्ण जीवजगत को सामान्यत: तीन श्रेणिओं में बांटा हुआ है :– नभचर, थलचर और जलचर। यह वर्गीकरण फूलप्रूफ नहीं है क्योंकि कुछ नभचर प्राणी थलचर हो सकते हैं वहीं कुछ जलचर थलचर हो सकते हैं। लेकिन वनस्पति जगत एक दूसरे में व्याप्त नहीं दीखते। इसलिए हम देखते हैं कि जो पेड़–पौधे धरती पर पनपते हैं वे जल में नहीं पनपते, इसी प्रकार जलीय वनस्पती थल पर नहीं पनपती।

सौर मंडलीय श्रेणी में सूर्य, पृथ्वी, चन्द्रमा और अन्य ग्रह, राशियां नक्षत्र आते हैं। ये सभी पिंड सौर मंडल के शून्य में एक निश्चित परिधि में सूर्य के चारो तरफ अलग–अलग दूरी पर अलग–अलग गति से चक्कर लगाते रहते हैं। प्रत्त्येक की सूर्य से और एक दूसरे से भी एक निश्चित दूरी, प्रत्येक की एक निश्चित परिधि में घूमने की गति भी भिन्न–भिन्न मगर निश्चित है। कोई किसी से टकराता नहीं कोई अपनी गति नहीं बदलता और न ही परिधि। कैसा अजूबा है किसने यह सब सेट किया?और इस सेटिंग के क्या लाभ हैं? पृथ्वी और उसके सौर मंडल के बारे में अब संक्षिप्त में महत्वपूर्ण घटकों की विवेचना करते हैं विषय काफी बड़ा है। प्रयास करता हूँ कि मैं इस सबको कैसे समेट कर लेख में प्रस्तुत करू। प्रमुख घटकों में से इस लेख में मैं सूर्य व् मुख्य ग्रह पृथ्वी, आकाश गंगा, ध्रुव तारा, सप्तऋषि मंडल, तुला और वृक्षिक राशियों के बारे में ही अभी प्रमुख बातें बताऊंगा।

**1. सूर्य** – इस जगत में हम जो कुछ आकाश में निहारते हैं उसमे सूर्य सबसे प्रमुख ब्रह्माण्ड का पिंड है। यह आकार में गोल सबसे बड़ा और चमकीला है। प्रकाश और ऊष्मा का मुख्य स्त्रोत है। पृथ्वी पर उपस्थित प्राणी, जीव जंतु, पक्षी, कीट, सभी ऊर्जा और प्रकाश के लिए सूर्य पर ही निर्भर हैं। सभी वनस्पतियां, पेड़–पौधे, घास आदि भी सूर्य के ताप/ऊर्जा और प्रकाश से ही उपजते और वृद्धि करते हैं। आश्चर्य की बात है कि प्रत्येक जाति, प्रजाति की जीवित रहने का समय भी निर्धारित है यह प्रोग्रामिंग आखिर कैसे बना और किसने बनाया? इतना ही नहीं सौर मंडल के अन्य ग्रह भी इस सूर्य से प्रभावित होते हैं। पृथ्वी वायुमण्डलीय परिवर्तन में भी सूर्य की मुख्य भूमिका है। यहाँ तक कि कम और अधिक दवाब के क्षेत्र बनने आंधी, तूफान और वर्षा का कारण बनते हैं।

विचार करे तो हम पाते हैं कि बिना सूर्य पृथ्वी पर प्राणी और वनस्पतिक जीवन संभव ही नहीं है। सूर्य के अतिरिक्त आकाशीय पिंडों नौ ग्रह, बारह राशियां और सत्ताईस नक्षत्र और आकाश गंगा भी है। ग्रह, राशिओं और नक्षत्रों का ज्ञान हमारे ऋषिओं ने अपने अनुभव और गणतीय ज्ञान से इनके बारे में काफी कुछ जानकारी जुटा ली, जिससे ज्योतिष का प्रादुर्भाव हुआ और सूर्य व् चंद्र ग्रहण का ठीक अनुमान तथा जन्म कुंडली के बनाने में उपयोग होने लगा। ग्रहों के नाम पर ही हमारे सप्ताह के दिनों के नाम यथा रवि, मंगल, बुध, ब्रहस्पति, शुक्र, शनि आदि रखे हैं।

उत्तर दिशा में ध्रुव तारा दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन काल में समुद्री यात्री रात के अँधेरे में इसी ध्रुव तारे से दिशा ज्ञान कर लेते थे। ध्रुव तारे के पास सात तारा समूह का सप्तऋषि मंडल है जिनके नाम ऋषिओं के नाम पर रखे गए हैं। यह सप्तऋषि मंडल ध्रुव तारे के चारो तरफ ही बने रहते हैं केवल दिशा ही बदलते हैं दुरी नहीं। जब सब तारे पूर्व से पश्चिम चलते नज़र आते हैं सप्तऋषि मंडल क्यों नहीं?

इसी प्रकार मंगल का रंग लाल मालूम होता है वहीँ बुध नीला। ऐसा क्यों? दो अन्य राशि तुला और ब्रक्षिक के तारे समूह भी आसानी से आकाश में पहचान लिए जाते हैं। फिर वही प्रश्न कि ये समूह बिखरते क्यों नहीं? आकाश गंगा तारों का सुदूर स्थित समूह है जिसके बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं है। चन्द्रमा वैसे तो पूर्णिमा के दिन पूरा चमकता है उसको यह चमक सूर्य से प्राप्त होती है। सवाल उठता है चन्द्रमा से परावर्तित होकर ऊष्मा पृथ्वी पर आने तक शीतल क्यों हो जाती है? सूर्य की गर्मी से तपता किसी धरातल को कुछ ऊष्मा का तो विसर्जन करना चाहिए लेकिन नहीं, चाँद शीतलता ही देता है। यह एक गजब का रहस्य है। दूसरी तरफ यदि पूर्णिमा प्रतिदिन होती तो समुद्री ज्वार रोज उठते, उस से क्या पृथ्वी उद्वेलित नहीं होती? माना जाता है कि पूर्णिमा के दिन आदमी का मन उद्विलित रहता है इसीलिये इस रात सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती हैं। प्राणिओं के जीवन सुरक्षित रखने के लिए क्या प्रकृति ने यह व्यवस्था नहीं की?

**2. समुद्र** – पृथ्वी का 3/4 हिस्सा समुद्री है अथवा जल से आक्षादित है। सागर या महासागर लगभग छ: सात हैं जिनका क्षेत्रफल और गहराई अलग–अलग है। आश्चर्य होता है दवाब के क्षेत्र समुद्र के ऊपर भी बनते हैं जो पृथ्वी पर हवा, आंधी, तूफान और समुद्र में ज्वार और सुनामी का कारण बनते हैं। ऋतू परिवर्तन में समुद्री वाष्प वायु से पृथ्वी पर वर्षा का कारण बनती है। पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा के आकर्षण से समुन्द्र में ज्वार उठता है जो लौटते समय अनेक छोटी–बड़ी मछलिओं को तट पर बिखेर देता है। आजकल समुद्र में सतह से और नीचे ड्रिल करके बड़ी मात्रा में फ्यूल प्राप्त करते हैं जो शोधन के उपरांत मोटर गाडिओं आदि में काम आता है।

प्राचीन काल में नाव से लोग समुद्री यात्रा कर अन्य देशों से व्यापार करते थे, अब जंगी जहाज इस काम के लिए उपयोग होते हैं। पृथ्वी पर स्थानों की ऊंचाई समुद्री तल के संधर्व में ही मुख्य स्थानों पर लिखी भी जाती है।

**3. पृथ्वी** – सौर मंडल का सबसे जीवंत ग्रह पृथ्वी है इस ग्रह पर असंख्य प्राणी, जीव–जंतु, वनस्पतियां पनपती और नष्ट होती रहती हैं। पृथ्वी भी एक गोलाकार पिंड है जो सूर्य के चारो तरफ अन्य ग्रहों की भांति चक्कर काटती है, चक्कर की परिधि गोल न होकर कुछ लंबायमान या दीर्घवृत्तीय है इस परिधि में पृथ्वी की किसी समय स्थिति सूर्य के पास और कभी सूर्य से दूर होती है। जिससे पृथ्वी पर मौसम व् जलवायु में भिन्नता आती है। चूंकि सूर्य के चक्कर लगाने के समय पृथ्वी अपनी धुरी पर भी लगातार घूमती (घूर्णन) रहती है जिससे पृथ्वी पर दिन–रात होते हैं।

पृथ्वी का पिंड सूर्य तरफ कुछ (लगभग 23 डिग्री) झुका रहता है जिससे पहाड़ों पर बर्फ गिरती रहती है और जलवायु अपेक्षाकृत ठंडी रहती है। पृथ्वी पर उपजने/पैदा होने वाले जीवों और पेड़–पौधों की विविधता, सौंदर्य, विभिन्न प्रकार के रंग और उनमे विन्यास आश्चर्य में डालने वाले हैं, पाठकों को चाहिए कि प्रकृति की विविधता यथा पशु–पक्षी, कीट–पतंगे, तितलिआं, रेंगने वाले जंतु, विभिन्न किस्म की वनस्पति और उनके मोहक रंग–बिरंगे फूल, मधु मक्खिओं द्वारा पराग एकत्रित कर शहद निर्माण आदि अनेक विस्मयकारी गतिविधियान निरंतर होती रहते हैं, क्या इन पर कभी सोच–विचार आवश्यक नहीं? हम कितने स्वार्थी और कूपमंडूक हो चुके हैं, जिसने हमें बनाया उसी की अन्य कृतिओं व् कृत्त्यो पर विचार के लिए समय नहीं है, कैसी विडम्बना है। लेखक का निवेदन है कि घर में बच्चों, महिलाओं को कुदरत से सदैव अवगत कराते रहें और सभी से कुदरत के इन अजीबो गजब करिश्मों और प्रणालिओं पर मंथन अवश्य करें और सराहें।

काकभुशंडि महात्मा अपनी जिज्ञासा और धैर्य से अंतत: कौवे से मानव जीवन पाया और फिर अपने ज्ञान से प्रकृति के सभी जीवों को उचित मार्ग अनुसरण करने का उपदेश दिया।

विषय स्वयं में बहुत विस्तृत है मानव को शोध से कुछ जानकारी मिल चुकी है परन्तु अभी बहुत कुछ जानना शेष है। चिंतन मनन में निरंतरता से ही कुछ गुत्थियाँ सुलझ सकती हैं और बच्चों के मन में ये आश्चर्य अभी बिठा देने से बड़े होने पर वे भी अपने शोध आदि से कुछ और अधिक जान सकेंगे।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**डेरी एवं खाद्य विज्ञ,**
**सेवानिवृत कुलपति, उदयपुर।**

# वायु सेना का "गगन शक्ति" युद्धाभ्यास एक अप्रैल से

**जैसलमेर,** (निसं)। भारतीय वायु सेना देश का सबसे बड़ा हवाई सैन्य अभ्यास "गगन शक्ति" के नाम से करेगी। इसमें देश के सभी वायु सेना स्टेशन की भागीदारी होगी। सोमवार एक अप्रैल से जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में इस युद्धाभ्यास का आयोजन होगा।

10 दिन तक चलने वाले इस युद्धाभ्यास में वायु सेना के 10 हजार वायु सैनिक हिस्सा लेंगे। रक्षा मंत्रालय से जारी निर्देशों में बताया गया है कि भारतीय वायुसेना का देश का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास गगन शक्ति सोमवार एक अप्रैल से शुरू करने जा रही है। रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में जरूरी निर्देश जारी कर दिए हैं। इस अभ्यास के दौरान भारतीय वायुसेना के सभी हवाई अड्डे सक्रिय रहेंगे। इसमें तेजस, राफेल, सुखोई 30, जगुआर, ग्लोबमास्टर, चिनूक, अपाचे, प्रचंड सहित कई लड़ाकू विमान और हेलिकॉप्टर हिस्सा लेंगे। गगन शक्ति में उत्तरी और पश्चिमी मोर्चे को संयुक्त रूप से शामिल करते हुए अलग–अलग हिस्सों में वायु सेना अभ्यास करेगी। इसमें भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान और लड़ाकू हेलिकॉप्टर अलग–अलग वायु सेना अड्डों से उड़ान भरेंगे और जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में बनाए गए टारगेट पर निशाना साध दुश्मन के प्रतीक चिन्ह ठिकानों को तबाह करेंगे। भारतीय वायु सेना की तमाम तैयारियों में भारतीय थल सेना साथ देगी। रक्षा मंत्रालय ने इस अभ्यास के तहत ऑपरेशनल रेल मोबिलाइजेशन प्लान को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत करीब 10 हजार वायुसैनिकों और गोला–बारूद की पूरे देश में आवाजाही की सुविधा दी गई है।


गौरतलब है कि भारतीय वायुसेना ने 12 मार्च को जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में भारत शक्ति युद्धाभ्यास के तहत अपनी ताकत का प्रदर्शन किया था।

# शाहपुरा में फूलडोल महोत्सव परवान पर

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा में रामस्नेही संप्रदाय की मुख्य पीठ शाहपुरा में चल रहा फूलडोल महोत्सव अब परवान चढ़ रहा है। गुरुवार को चौथे दिन भी शोभायात्रा निकली।

रामशाला प्रवेश द्वार पर हुई पुष्पवर्षा शोभायात्रा सदर बाजार, कुंड गेट, बस स्टैंड होती हुई रामनिवास धाम में धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। यहां बारादरी में चढ़ावा चढ़ाया गया और उपस्थित लोगों ने जगतगुरू आचार्य श्रीरामदयालजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा के रामशाला के सम्मुख प्रवेश द्वार से अंदर प्रवेश करने के बाद भक्तजनों ने पुष्पवर्षा की और बारदरी में पहुंच कर अणभैवाणी का गोटकाजी को आचार्यश्री के सुपुर्द किया। महोत्सव के दौरान चहुं ओर राम नाम तारक मंत्र, सुमिरे शंकर शेष, रामचरण सांचा गुरु इन्हीं मंत्रों से संपूर्ण रामनिवास धाम परिसर गुंजायमान हो रहा है। रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्यश्री रामदयालजी महाराज का आगामी चार्तुमास कराने के लिए अर्जियों का वाचन आचार्यश्री के सम्मुख किया गया। फूलडोल महोत्सव के दौरान संतों की भी प्रसाद ग्रहण करने के मौके पर विशेष पंगत लगती है। बारादरी में प्रवचन के तुंरत बाद आचार्यश्री स्वयं पहुंचकर पंगत को प्रांरभ कराते हैं। अब तक भीलवाड़ा, कैथुन, जयपुर, मानवत, कैकड़ी, भीलवाड़ा व पुष्कर की अर्जियों का वाचन किया गया।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### शुक्रवार 29 मार्च, 2024

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र रात्रि 8:36 तक, वत्र योग रात्रि 11:11 तक, बव करण प्रात: 7:34 तक, चन्द्रमा दिन 2:04 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मीन, चन्द्रमा–तुला, मंगल–कुम्भ, बुध–मीन, गुरू–मेष, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज पुष्कर योग रात्रि 8:21 से रात्रि 8:36 तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 8:21 से सूर्योदय तक है। आज गुड फ्राइडे है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 7:56 तक, लाभ–अमृत 7:56 से 11:00 तक, शुभ 12:32 से 2:03 तक, चर 5:07 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 6:25, सूर्यास्त 6:39



**मेष**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।



**वृष**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिनचर्या में सुधार होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**मिथुन**

महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।



**कर्क**

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। दिन के मध्यान्ह पश्चात खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**सिंह**

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। दिन के मध्यान्ह पश्चात अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है।




**कन्या**

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है।




**तुला**

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। दिन के मध्यान्ह स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**वृश्चिक**

घर–परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त–व्यस्त हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।




**धनु**

आर्थिक/वित्तीय मामलों को आज प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। दिन के मध्यान्ह समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है।




**मकर**

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कुंभ**

अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर
Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 | वर्षः 31 | संख्याः 144 | प्रभात | उदयपुर, शुक्रवार 29 मार्च, 2024 | आर.जे. 7202 | पृष्ठ 8 | मूल्य 2.50 रु.

# सी.पी. जोशी दिन में चार बार निर्णय बदल चुके हैं भीलवाड़ा से चुनाव लड़ने के बारे में

## प्रभारी रंधावा, डोटासरा, गहलोत, पूर्व विधानसभाध्यक्ष सी.पी. जोशी, विपक्ष के नेता जूली का पी.सी.सी. बैठक में यह अनिश्चय का नाटक देखा गया

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 मार्च। कांग्रेस नेतृत्व ने मन बना लिया है कि, दामोदर गूजर को बदला जाएगा और उनकी जगह भीलवाड़ा से किसी अधिक योग्य उम्मीदवार को टिकट दिया जाएगा।

जयपुर का ''कॉकस'' सी.पी. जोशी को भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाने के लिए प्रयास में जुटा है।

आज सुबह जयपुर पी.सी.सी. ऑफिस में एक बैठक हुई, जिसमें, रंधावा, डोटासरा, अशोक गहलोत, सी.पी. जोशी और कांग्रेस लैजिस्लेटिव पार्टी (सी.एल.पी.) के नेता जूली ने भाग लिया।

करीब ढाई घंटे से अधिक चली यह मीटिंग, सी.पी. जोशी को भीलवाड़ा से चुनाव लड़ने के लिए राजी करने के लिए आयोजित की गई थी। अंततः उन्होंने अनमने ढंग से स्वीकृति दे दी।

- मूल समस्या है कि, जयपुर में बैठे गहलोत अभी भी राजस्थान कांग्रेस का संचालन कर रहे हैं तथा वे सी.पी. जोशी को अपना मुख्य साथी व सहयोगी बनाये हुए हैं।
- दोनों मिल कर यह ही प्रयास कर रहे हैं कि, किसी भी तरह सचिन पायलट के हाथ में डोर नहीं चली जाये। पायलट को येन-केन-प्रकारेण रोकना ही है।
- अब सवाल यह उठता है कि, गहलोत अभी भी कांग्रेस में अपनी बात कैसे मनवा पा रहे हैं। चर्चा है कि, यह इसलिये संभव हो रहा है कि, किन्ही कारणों से गहलोत का साथ दे रहे हैं, मल्लिकार्जुन खड़गे।
- और राहुल गांधी सी.ई.सी. की बैठक में या तो अनुपस्थित रहते हैं या कुछ बोलते नहीं।
- इन परिस्थितियों में जयपुर बैठक में कांग्रेस का ''कॉकस'' खुलकर कांग्रेस के उम्मीदवारों के चयन में अपनी चला रहा है।
- बहरहाल, भीलवाड़ा से दामोदर गुर्जर का टिकट बदलने का निर्णय लिया गया है। अजमेर में अस्सी वर्षीय राम चन्द्र चौधरी को बदलने का दबाव है, पर, डोटासरा उनको बदलने का जमकर विरोध कर रहे हैं।

दिल्ली नेतृत्व चाहता है कि, जोशी लिखित में अपनी स्वीकृति दें, क्योंकि, इस मुद्दे पर जोशी ने ''कभी हाँ कभी ना'' का रुख अपनाया हुआ है।

रोचक है कि, शाम होने तक उन्होंने

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 मार्च। गुरुवार को राउज़ एवेन्यु कोर्ट की स्पैशल जज कावेरी बवेजा ने दिल्ली की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) में हिरासत

- अरविन्द केजरीवाल एक अप्रैल तक ई.डी. की हिरासत में रहेंगे। इधर दिल्ली हाई कोर्ट से केजरीवाल को राहत मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल को मु.मंत्री पद से हटाने की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी।

अवधि चार दिन के लिए और 1 अप्रैल तक बढ़ा दी। केजरीवाल की गिरफ्तारी दिल्ली के आबकारी नीति घोटाले को लेकर की गई है और वह नीति अब रद्द की जा चुकी है। ई.डी. ने केजरीवाल की हिरासत अवधि सात दिन के लिए और

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'अतिक्रमण हटाना व चिन्हित करना सरकारी अधिकारियों का काम, वकील इसमें लिप्त ना हों'

## राजस्थान हाई कोर्ट ने जयपुर शहर में अतिक्रमण पर लिए गए स्वतः संज्ञान मामले में आदेश पारित किये

-यादवेंद्र शर्मा-

जयपुर, 28 मार्च। राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा जयपुर शहर से अतिक्रमण को हटाने के संबंध में लिये गये स्वतः संज्ञान के मामले पर आज सुनवाई हुई। अतिरिक्त महाधिवक्ता जी.एस. गिल ने अदालत को बताया कि सरकार अलग-अलग ज़ोन का सर्वे कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि कानून के अनुसार ही अतिक्रमियों को हटाया जाये। उन्होंने अदालत को बताया कि वर्ष 2014 के कानून के अनुसार राज्य सरकार ने ठेले और थड़ी वालों को पंजीयन कार्ड दिये हैं, सरकार केवल उन्हीं थड़ी और ठेलों को हटायेगी जिन्होंने अतिक्रमण किया है और जिनके

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के, हर जोन में अतिक्रमण के सर्वे के लिए वकीलों को नियुक्त किये जाने के आदेश को रद्द कर दिया है।

पास सरकार द्वारा दिया गया पंजीयन कार्ड नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव व न्यायाधीश भुवन गोयल की खंडपीठ ने इस तथ्य पर बड़ी नाराजगी जताई कि एकलपीठ के अदालती आदेश के बाद हाईकोर्ट बार एसोसियेशन ने वकीलों की सूची जारी की जो शहर के हर ज़ोन में अतिक्रमण की गतिविधि पर निगरानी रखते हुए स्थानीय थाने को इस संबंध में सूचित करें। अदालत ने इस पर कठोर टिप्पणी करते हुए कहा कि अतिक्रमण को चिन्हित करना व हटाना केवल प्रशासनिक अधिकारियों का कार्यक्षेत्र है और इसमें वकीलों को लिप्त नहीं होना चाहिये।

इस मामले की सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से न्यायमित्र शोभित झांझड़िया की ओर से ज़ोन वाईज़ रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये समय मांगा गया, जिसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई चार हफ्ते बाद तय की है।

# 'पेपरलीक मामले में शीघ्र होंगी कई गिरफ्तारियाँ'

## सूत्रों के अनुसार, एस.आई. पेपरलीक प्रकरण की जांच कर रही एस.ओ.जी. को इस संबंध में कई नए सबूत मिले हैं

जयपुर, 28 मार्च (का.सं.)। सब इंस्पैक्टर भर्ती परीक्षा 2021 पेपरलीक प्रकरण में सूत्रों के अनुसार स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एस.ओ.जी.) का जांच का दायरा बढ़ाने के लिये कई नये सूत्र मिले हैं, जिसके चलते कुछ ही समय में कई गिरफ्तारियां भी देखने को मिल सकती हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार एस.ओ.जी. को परीक्षा में भाग लेने वाले वास्तविक अभ्यर्थियों, जो पेपरलीक प्रकरण से पीड़ित हैं, की ओर से ऐसी शिकायतें व दस्तावेज दिये जा रहे हैं, जिनमें उनके सेंटरों पर संभावित डमी अभ्यर्थियों की जानकारी है साथ ही ऐसे फर्जी अभ्यर्थियों के बारे में भी बताया गया है जिनका पढ़ाई-लिखाई से कोई वास्ता नहीं था लेकिन फिर भी पास हुए है और उनका चयन किया गया।

कुछ शिकायतों में तो यह भी जानकारी दी गई है कि एक ही परिवार के लगभग 20 से 25 सदस्यों की

- कई जैन्युइन अभ्यर्थियों ने एस.ओ.जी. में शिकायत दर्ज कराई और अपने सैंटरों में परीक्षा देने आए डमी कैंडिडेट्स की जानकारी दी, साथ ही उन प्रत्याशियों के बारे में भी बताया, जो एस.आई. चुने जाने की शैक्षणिक योग्यता नहीं रखते हैं।
- कुछ शिकायतों में तो यह भी जानकारी दी गई है कि, एक ही परिवार के लगभग 20 से 25 सदस्यों की पिछले चार या पांच सालों में ही सरकारी नौकरी लगी है, जबकि उसी परिवार के कई अन्य सदस्य पेपरलीक मामलों में या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या संदिग्ध रहे हैं।

पिछले चार या पांच सालों में ही सरकारी नौकरी लगी है, जबकि उसी परिवार से कई अन्य सदस्य पेपर लीक मामलों में या तो गिरफ्तार हो चुके हैं या संदिग्ध रहे हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि पेपरलीक प्रकरण की जांच करने के लिये अब सामान्य वर्ग के वास्तविक अभ्यर्थियों की ओर से बड़ी स्पष्ट जानकारी दी जा रही है, जिसके चलते जल्द ही गिरफ्तारियां शुरू होंगी। इस अधिकारी ने आगे बताया कि शिकायतों के साथ

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# अमेरिका ने फिर से भारतीय मसलों पर टिप्पणी की

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 मार्च। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज़ करने के संदर्भ में अमेरिका के विदेश विभाग ने निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया की मांग को

- अमेरिका ने शुक्रवार को फिर से केजरीवाल की गिरफ्तारी पर चिंता जताई, साथ ही कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज़ करने पर भी टिप्पणी की। भारत सरकार ने अमेरिका की टिप्पणियों को अस्वीकार कर नाराजगी जताई।

दोहराया है। भारत सरकार ने इन टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताते हुए कहा है कि दूसरे देशों को भारत की संप्रभुता का सम्मान करना चाहिए।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# बहुत गहरे मायने हैं जे.एन.यू. छात्र संघ चुनाव नतीजों के

## गत सप्ताह सम्पन्न हुए चुनावों में सभी सीटों पर वामपंथी विजयी रहे हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 मार्च। पिछले सप्ताह 22 मार्च को देश के प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय में हुए छात्र संघ चुनाव कोई सामान्य चुनाव प्रक्रिया नहीं थी और न ही यह एक सामान्य चुनाव था। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि 24 मार्च को घोषित परिणाम संकेत हैं कि भारत का युवा वर्ग संविधान व भारत का विचार तथा आंदोलन की स्वतंत्रता की विरासत पर आर.एस.एस.-भाजपा के हमले का मुकाबला करने के लिए तैयार है।

अगले सप्ताह जे.एन.यू. के नाम वाली एक बॉलीवुड फिल्म प्रसारित की जा रही है। इस फिल्म के प्रचार वाले पोस्टर पर एक प्रमुख पंक्ति में पूछा गया है, क्या एक विश्वविद्यालय देश को तोड़ सकता है?

यह फिल्म एक तरह से जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय पर परोक्ष रूप से हमला है, यह विश्वविद्यालय भारत का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक विश्वविद्यालय है, जो दशकों से राजनीतिक सक्रियता का गढ़ रहा है और इसमें प्रवेश देने का दायरा इस तरह से निर्धारित किया गया है ताकि देश के सबसे गरीब व मुख्यतः उपेक्षित क्षेत्रों के विद्यार्थियों को एक उच्च गुणवत्तापूर्ण

- बारह साल में पहली बार जे.एन.यू. छात्र संघ चुनावों में सबसे ज्यादा, रिकॉर्ड 73 प्रतिशत मतदान हुआ है और 1996-97 के बाद पहली बार दलित अध्यक्ष चुना गया है।
- कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित इस युनिवर्सिटी के चुनाव नतीजे संभवतया इस बात का संकेत हैं कि, भारत के युवाओं का मौजूदा व्यवस्था से मोह भंग होने लगा है।

शिक्षा प्रदान की जा सके।

जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जे.एन.यू. एस.यू.) के चुनावों में संयुक्त वाम पैनल के विद्यार्थियों को रविवार को भारी बहुमत से विजय प्राप्त हुई, इसने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंदी आर.एस. एस. से सम्बद्ध ए.बी.वी.पी. को चुनावों में मात दे दी और महत्वकांक्षी भारतीय युवाओं ने ए.बी.वी.पी. को खास तौर से संदेश दिया कि वे क्या चाहते हैं।

इन चुनावों में एक बात यह हुई कि चार साल के अंतराल के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी.) के उमेश सी. अजमीरा जिसे अध्यक्ष पद के चुनावों में 1676 वोट प्राप्त हुए थे उसके खिलाफ जे.एन.यू. एस.यू. के चुनावों में ऑल इंडिया स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन के धनन्जय ने अध्यक्ष पद के चुनावों में सर्वाधिक 2598 वोट प्राप्त करके जीत दर्ज की है। धनन्जय बिहार में गया शहर के निवासी है और वर्ष 1996-97 में चुने गए बत्ती लाल बैरवा के बाद वाम विंग के पहले दलित अध्यक्ष हैं।

चुनावों में विजय प्राप्त करने के बाद बोलते हुए उन्होंने कहा, ''जे.एन.यू. के विद्यार्थियों ने इस विजय के माध्यम से यह मत व्यक्त किया है कि उन्होंने नफरत और हिंसा की राजनीति को खारिज कर दिया है। विद्यार्थियों ने एक बार पुनः हम पर विश्वास व्यक्त किया है। हम उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करते रहेंगे तथा उन मुद्दों पर कार्य करेंगे जो उनसे ताल्लुक रखते हैं।

स्टूडेन्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (एस.एफ.आई.) के अविजित घोष ने उपाध्यक्ष पद के चुनाव में ए.बी.वी.पी. की दीपिका शर्मा को 927 वोटों के अंतर से परास्त कर दिया।

घोष को इस पद पर 2409 वोट प्राप्त हुए जबकि शर्मा को केवल 1482 वोट प्राप्त हुए थे।

बिरसा अंबेडकर फुले स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (बी.ए.पी.एस.ए.) की उम्मीदवार प्रियांशी आर्य, वाम विंग ने जिसका समर्थन किया था, ने महासचिव के पद पर ए.बी.वी.पी. के उम्मीदवार अर्जुन आनंद को 926 वोटों के अंतर से हरा कर करारी मात दी। आर्य के पक्ष में 2887 वोट गिरे जबकि आनंद को महासचिव पद पर केवल 1961 वोट प्राप्त हुए।

चुनाव होने से ठीक पहले मध्य रात्रि को 2 बजे विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा लेफ्ट प्रत्याशी स्वाति सिंह की उम्मीदवारी रद्द करने के बाद लेफ्ट ने जो तैयारी व तत्परता दिखाई, उससे यह ज्ञात होता है कि, वे इस खतरे के प्रति सजग थे।

चुनाव समिति द्वारा यूनाइटेड लेफ्ट की प्रत्याशी स्वाति सिंह की उम्मीदवारी को ए.बी.वी.पी. द्वारा चुनौती देने के बाद स्वाति नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया था उसके बाद यूनाइटेड लेफ्ट ने धनन्जय की उम्मीदवारी का समर्थन किया था।

वाम के मोहम्मद साजिद ने संयुक्त

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# द इकॉनमिस्ट का दावा, भारत के इस वर्ष के आम चुनाव विश्व के सबसे महंगे चुनाव होंगे

## इस वर्ष चुनावों में 15 अरब डॉलर खर्च होने की संभावना है और 3.5 खरब की अर्थव्यवस्था के लिए यह जी.डी.पी. का मात्र 0.15 प्रतिशत है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 28 मार्च। निर्मला सीतारमण और उनके द्वारा इस वर्ष के शुरु में प्रस्तुत बजट के बारे में जब भी आपने सोचा होगा तो एक बात तो आपको माननी पड़ेगी की वह बहुत ईमानदार हैं। भारत सरकार के लाखों-करोड़ों रूपए के व्यय का प्रबंधन करने के बाद वित्त मंत्री ने स्वीकार किया कि लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त धन नहीं है।

वास्तव में, भारत में चुनावों में भारी धनराशि खर्च होती है और यह भी आश्चर्यचकित करने वाली बात है कि चुनाव के कई दावेदार पानी के जैसे पैसा बहाते है। चुनावी फण्डिंग हमेशा से एक जटिल विषय रहा है और इसको लेकर बनी नीतियों में कई बदलाव होते आए हैं।

वास्तव में इसके लिए धन कहां से आता था। एक समय था जबकि इसमें कॉरपोरेट अंशदान वैधानिक रूप से जायज था और कॉरपोरेट्स से खुले तौर पर कानूनी रूप से चंदा देने की उम्मीद की जाती थी। इसे किसी अन्य ने नहीं बल्कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने बंद कर दिया था। उन्होंने राजनीतिक पार्टियों और चुनावों में कॉरपोरेट अंशदानों पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन बाद में उनके पुत्र राजीव गांधी ने ही यह प्रतिबंध हटा दिया।

पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर कई प्रस्ताव किए गए। उनमें से एक में चुनावों की सरकारी फण्डिंग की बात थी, लेकिन उसे तुरन्त प्रभाव से इस आशंका से स्वीकार नहीं किया गया कि कहीं राजनैतिक पार्टियां सारे सरकारी धन को ही ना डकार जाए। आज भी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया (मार्क्सवादी) इस प्रकार के सिस्टम की आकांक्षी बतायी जाती है।

वामपंथियों के अधिकांश सपनों की भांति यह भी एक अन्य दिवा स्वप्न है। वामपंथियों के महानतम नेताओं में से एक ई.एम.एस. नम्बूदरीपाद ने हिंदी भाषी क्षेत्रों में वामपंथी विचारधारा के प्रसार का सपना देखा था।

- भारत के चुनावों में हमेशा से ही भारी धन राशि खर्च होती रही है। ब्लूमबर्ग बैंक के अनुसार वर्ष 2019 के भारतीय आम चुनावों में 8.6 अरब डॉलर खर्च हुए थे।
- इतने भारी खर्च को देखते हुए चुनाव में फंडिंग बड़ी समस्या रही है और अक्सर इसने विवादों को जन्म दिया है। वर्तमान में चल रहा इलैक्टोरल बॉण्ड विवाद भी इसी से संबंधित है।
- पूर्व में कॉरपोरेट कम्पनियां राजनैतिक दलों को खुले आम कानूनी रूप से चंदा देती थीं पर इंदिरा गांधी जब प्रधानमंत्री थीं तब उन्होंने इस पर रोक लगा दी थी, बाद में राजीव गांधी ने यह रोक हटाई।
- चुनाव फंडिंग के लिए वामपंथियों ने सरकार द्वारा पैसा देने का सुझाव रखा, पर यह भी सही नहीं माना गया था।
- वर्तमान में इलैक्टोरल बॉण्ड विवाद में भाजपा को सर्वाधिक चंदा दिए जाने का आरोप है, पर आश्चर्य की बात है कि, क्षेत्रीय दलों को उनकी सामर्थ्य से कहीं ज्यादा चंदा मिला है।

भाजपा जहाँ धन को अर्जित करने पर प्रहार कर रही है, वहीं उसने इलैक्टोरल बॉण्ड्स को स्वीकार किया है, लेकिन हम इलैक्टोरल बॉण्ड के बारे में जितना भी कुछ जानते हैं, उस पर हुई कार्यवाही के साथ ही इलैक्शन फण्डिंग का रहस्य और गहरा गया है।

एक लॉटरी किंग ने सबसे अधिक इलैक्टोरल बॉण्ड्स खरीदे। वह किसे लाभ पहुंचा रहा है। यह अब तक स्पष्ट नहीं है।

यह समझ में आता है कि दक्षिण के लॉटरी किंग को दक्षिण भारत की कुछ लोकप्रिय पार्टियों को लाभांवित करना था, तो पूर्व में बिजली वितरण कम्पनी ने बॉण्ड्स खरीदे। उन्हें यू.पी. या छत्तीसगढ़ जैसे दूरस्त राज्य के बजाए कोलकाता में राजनीति के स्थानीय बॉस को लाभांवित करना था।

इलैक्टोरल बॉण्ड्स का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा के खाते में गया, लेकिन कुछ क्षेत्रीय प्रमुख नेताओं को भी इससे बड़ी धनराशि मिली। एक गणित समझिए। भाजपा को पूरे देश में 500 सीटों पर चुनाव लड़ना है। उसके पास

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कोटा में एक और कोचिंग स्टूडैंट ने आत्महत्या की

कोटा, 28 मार्च (निसं)। कोटा में मैडिकल एंट्रेंस एग्ज़ाम की तैयारी करने आई उत्तरप्रदेश की छात्रा ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली। छात्रा महावीर नगर प्रथम इलाके में पी.जी. में रहती थी। कोटा में तीन दिन में यह आत्महत्या का दूसरा मामला सामने आया है।

छात्रा की आत्महत्या की सूचना मिलने के बाद जवाहर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही फॉरेंसिक टीम

- मृतक छात्रा लखनऊ से नीट की तैयारी के लिए पिछले साल कोटा आई थी।

भी मौके पर बुलाई गई। जवाहर नगर थाना अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक छात्रा उत्तरप्रदेश के लखनऊ की रहने वाली थी। छात्रा पिछले साल कोटा आई थी और वो नीट की तैयारी कर रही थी।

पुलिस ने छात्रा के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के आने के बाद ही छात्रा के शव का पोस्टमार्टम

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# वीडियोकोच बस में संदिग्ध व्यक्ति के बैग से 71.80 लाख रुपये बरामद

## रुपये ले जाने बाबत कोई दस्तावेज नहीं होने पर आरोपी को डिटेन किया



देलवाड़ा थाना पुलिस ने लाखों की नगदी के साथ युवक को गिरफ्तार किया।

- इनकम टैक्स के अधिकारियों ने रुपयों को सीज कर अग्रिम कार्रवाई की

**राजसमंद,** (निसं)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की आदर्श आचार संहिता के मध्येनजर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चलाए जा रहे जिला पुलिस के विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए देलवाड़ा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान ट्रावेल्स बस में संदिग्ध व्यक्ति के बैग से 71 लाख 80 हजार रुपये बरामद किए। रुपये अपने पास रख ले जाने बाबत कोई दस्तावेज नहीं होने पर आरोपी संजय सेन को डिटेन किया गया। इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा उक्त रुपयों को सीज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

थानाधिकारी कमलेन्द्रसिंह ने बताया एसपी मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं एएसपी महेन्द्र पारीक व डीएसपी नाथद्वारा दिनेश सुखवाल के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने टोल नाका पर नाकाबंदी शुरू की। एफएसटी टीम प्रभारी सहायक आचार्य एसएमबी कॉलेज डॉ. शंकर शर्मा मय जाब्ता के सामूहिक रूप से नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान अंजनी पुत्र ट्रावेल्स की एक वीडियोकोच स्लीपर बस आयी जिसके अन्दर बैठी सवारियों के सामान की चैकिंग की तो बस के अन्दर एक व्यक्ति काले रंग का बैग लेकर बैठा हुआ मिला। पूछताछ में उसने बैग के अन्दर रुपये होना बताया। उसने अपना नाम संजय सेन (20) पुत्र बंशीलाल सेन निवासी खटवाडा हाल निवासी महिला आश्रम सेशन कोर्ट भीलवाड़ा होना बताया। रुपयों के बारे में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं देने से रुपयों की गिनती की गयी तो 71.80 लाख रुपय होना पाया। रुपये अपने पास रख ले जाने बाबत कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर संजय सेन को डिटेन किया गया। इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया। इनकम टैक्स के अधिकारियों द्वारा उक्त रुपयों को सीज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# ट्रेलर से बचने के लिए निजी बस दीवार से टकराई, 11 घायल

## घायलों को कैम्पर व एंबुलेंस से राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल लाया गया



सुजानगढ़ शहर के छापर रोड पर दीवार से टकराई निजी बस।

- जहां से तीन गंभीर घायलों को उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया
- बस के सामने ट्रेलर आ गया था, जिससे बचने के प्रयास में हादसा हुआ

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजानगढ़ से छापर जाने वाले मार्ग पर गुरूवार सुबह सवारियों से भरी निजी बस नोहरे की दीवार से टकरा गई। हादसे में ड्राइवर सहित बस में बैठे करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर कोतवाली थाना इंचार्ज धर्मेंद्र मीणा, हाईवे पेट्रोलिंग की टीम व हारे का सहारा के श्याम सुन्दर स्वर्णकार मौके पर पहुंचे। घायलों को कैम्पर व एंबुलेंस से राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल लाया गया जहां से तीन गंभीर घायलों को उपचार के लिए जयपुर रैफर कर दिया।

बस चालक नूरेश खान ने बताया कि वह राठौड़ ट्रेवल्स की बस को सुजानगढ़ से लेकर सरदारशहर जा रहा था। छापर रोड पर मेगा हाईवे तिराहे से पहले एक ट्रेलर अचानक सामने आ गया, जिससे बचने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बस दीवार से टकरा गयी। अचानक हुए हादसे से बस के अंदर बैठी सवारियों में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद कोतवाली थाने के एसआई हरपाल सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट में 11 लोगों के चोटें लगी हैं, जिनमें से ड्राइवर नूरेश, केवला और मैना के अधिक चोटें होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। हादसे में लिछमण सिंह (55) पुत्र पूर्ण सिंह राजपूत निवासी आबसर, तनुराम पुत्र ज्ञानाराम निवासी गोपालपुरा, रहमत बानो (65) पत्नी रफीक भाटी निवासी जाट छात्रावास के पास, छोटी (45) पत्नी हारून पलदार निवासी स्टेशन रोड, पूजा (19) पत्नी नरेश नायक निवासी बडाबर, मैना (56) पत्नी लक्ष्मीपति प्रजापत निवासी स्टेशन रोड, ड्राइवर नूरेश खान (32) पुत्र लाल खान कायमखानी निवासी छापर, कैलाश (55) पुत्र तुलछीराम प्रजापत निवासी मांडेता बास, रूपराम (55) पुत्र मालाराम प्रजापत निवासी सरदारशहर, केवला (40) पत्नी कैलाश मेघवाल निवासी दूलिया बास, भींवाराम (55) पुत्र मांगीलाल नाथ निवासी सांड चौक, सुजानगढ़ शामिल हैं।

# डेढ़ करोड़ के जेवर व 1.72 लाख की नगदी के साथ पंजाब का युवक गिरफ्तार

## युवक से जब जेवरात और नगदी के बारे में दस्तावेज मांगे तो वह जवाब नहीं दे पाया

**अजमेर,** (कासं)। लोकसभा चुनाव 2024 के चलते प्रदेश में लगी आदर्श चुनाव आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस द्वारा की जा रही सघन चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार देर रात एक संदिग्ध युवक को चूड़ी बाजार से गिरफ्तार किया। पुलिस ने युवक के पास से 2 किलो 365 ग्राम सोने-चांदी के जेवर जिनकी अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई के साथ एक लाख 72 हजार रुपये नकद बरामद कर जब्त किए। युवक पंजाब का रहने वाला है, पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

सदर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी देवेंद्र कुमार बिश्नोई के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में जिला पुलिस पूरी तरीके से मुस्तैद है। आदर्श चुनाव आचार संहिता के नियमों की पालना और चुनाव में पैसों के लेनदेन को लेकर कार्यवाही की जा रही है। नाकाबंदी के दौरान ही बुधवार देर रात चूड़ी बाजार में बड़ी कार्रवाई अंजाम दी गई, पुलिस ने संदिग्ध होने पर एक युवक को पकड़ा है, युवक के पास से करीब डेढ़ करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवरात सहित एक लाख 72 हजार रुपए की नगदी बरामद की है, पुलिस युवक को गिरफ्तार कर लिया।

सदर कोतवाली थाना प्रभारी शेखावत ने बताया कि स्पेशल टीम के एएसआई सतपाल सिंह को सूचना मिली कि एक युवक अपने बैग में सोने-चांदी और नगदी लेकर जा रहा है। हो सकता है कि उसके पास इन सब सामानों का बिल न हो। सूचना पर एएसआई सिंह ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस युवक को हिरासत में लेकर उसके बैग के तलाशी ली तो उसमें सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रखी थी। युवक से जब जेवरात और नगदी के बारे में दस्तावेज मांगे तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर सदर कोतवाली थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने पंजाब अमृतसर निवासी तानिस अरोड़ा पुत्र सुनील कुमार को डिटेन कर ज्वेलरी और नगदी आईपीसी की धारा 102 के तहत जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस एक लाख 72 हजार रुपए के बारे में युवक तानिस अरोड़ा से पूछताछ में लगी है कि इतनी बड़ी राशि और ज्वेलरी कहां व किसे देनी थी। पुलिस ने जब्त सोने के जेवरात और नगदी को इनकम टैक्स विभाग को सौंपा है। अब आगे की कार्रवाई इनकम टैक्स विभाग द्वारा की जाएगी।

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का विरोध

## चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराएंगे : विधायक धनखड़

**जयपुर।** भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सह-संयोजक एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा बोलने और टिप्पणी करने से बाज आना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अजमेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिसके खिलाफ हम चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराएंगे। कांग्रेस के नेताओं में इस कदर हताशा और निराशा है कि आए दिन भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग करते हैं। देश की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है, विधानसभा चुनावों में मिली हार से बौखलाए कांग्रेस के नेता लोकसभा चुनाव में मैदान छोड़कर भाग रहे हैं। प्रदेश की जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार से खुश है और इस बार प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर हैट्रिक लगेगी। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के सह-संयोजक एवं विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि पूर्व में भी संवैधानिक पद पर बैठे उपराष्ट्रपति के खिलाफ टीएमसी के सांसद ने अपमानजनक टिप्पणी की जिसका कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने वीडियो भी बनाया था।

कांग्रेस के पास खुद का कुछ नहीं है, ये लोग भाजपा नेताओं के खिलाफ टिप्पणी करने से बाज आएं और अपने नेताओं के नाम पर चुनाव लड़ें। धनखड़ ने कहा कि भाजपा की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं के प्रवास तय किये गये हैं। कार्यकर्ताओं की एक बड़ी टीम चुनाव में जुटी हुई है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर देश की जनता यकीन करेगी और अबकी बार 400 पार का नारा साकार होगा।

# स्कूलों का समय एक अप्रेल से बदलेगा

**बीकानेर,** (निसं)। शिविरा पंचांग के अनुसार राज्य के सरकारी तथा मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों का समय 1 अप्रेल से बदल जाएगा। ग्रीष्मकालीन समय के अनुसार एक पारी स्कूल 1 अप्रेल से सुबह 7.30 बजे से 1 बजे तक लगेंगे। जबकि दो पारी विद्यालयों का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। इसमें प्रत्येक पारी 5.30 घंटे की होगी। एक पारी विद्यालय में सुबह 7.30 बजे प्रार्थना सभा 25 मिनट की होगी तथा प्रत्येक कालांश तथा मध्यांतर 25-25 मिनट के निर्धारित हैं। इस तरह 1 बजे स्कूल की छुट्टी होगी। दो पारी में लगने वाले स्कूलों में पहली पारी सुबह 7 बजे से 12.30 बजे तक होगी और दूसरी पारी 12.30 से शाम 6 बजे तक लगेगी। सरकारी स्कूल दो पारी में तभी संचालित होंगे, जब उच्चाधिकारियों की स्वीकृति होगी। हर साल इसके लिए स्वीकृति लेने का प्रावधान है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**बीकानेर,** (निसं)। घर में अकेला पाकर एक 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में सामने आया है। आरोपी को नामजद किया गया है। श्रीडूंगरगढ़ थानान्तर्गत एक गांव स्थित अपने घर में 13 साल की लड़की बुधवार सवेरे 11 बजे खाना बना रही थी। इस दौरान उसके परिजन बाहर गए हुए थे। घर पर वह अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान इसी गांव का कालूराम मेघवाल उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। आरोप है कि आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। उसके चंगुल से निकलकर वह छत पर भागी तथा चिल्लाई। इसके बावजूद आरोपी उसको पकड़कर नीचे ले आया। नाबालिग की आवाज सुनकर पड़ोसी तथा घर में रहने वाला पीड़िता के चाचा ने उसको आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चालीस लाख का डोडा-चूरा जब्त

- पांच महिला सहित सात गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान चालीस लाख का अवैध डोडा-चूरा जब्त कर तस्करी करने के मामले में पांच महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनराजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्त्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान देबारी पिण्डवाड़ा नेशनल हाइवे पर वाहन की प्रतिक्षा में खड़ी बलजीत कौर पुत्र फुलासिंह सिक्ख जाट निवासी भेनी भागा मानसा पंजाब, कर्मजीत पत्नी दर्शनसिंह सिक्ख निवासीलाल पट्टी भैनीभागा मानसा पंजाब, अमरजीत पत्नी बुधसिंह सिंख निवासी कलीपुरा थाना बलाड़ा शहर मानसा पंजाब, बलविंदर कौर उर्फ बिंदर पत्नी निछेतर सिंह चमार निवासी कालीपुरा थाना बलाडा शहर मानसा पंजाब, सुमन देवी पत्नी साबसिंह सिख निवासी बद्री सिंधी कैम्पस थाना बाडी जिला सतनाएमपी हॉल सिंधी कैम्प बाडी बरेली एमपी तथा सुखासिंह पुत्र महेन्द्रसिंह निवासी पिरावाली हिसार हरियाणा, राहुल पुत्र नौरंग बेनिवाल निवासी रतिया थाना सिटी रतिया फतेहाबाद हरियाणा के कब्जे में मिले बैगों से 1 क्विंटल 23 किलो अवैध डोडा चूरा जब्त कर गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। आरोपी हरियाणा व पंजाब से समूह के रूप में मेवाड़ व एमपी राज्य से सटे क्षेत्रों में आकर यहां से अवैध अफिम डोडा-चूरा खरीदकर अलग-अलग ट्रोली बैग, पिटू बैग में भरकर लोकसभा चुनावों के दौरान पुलिस की नाकाबंदी से बचने के लिए प्राईवेट सवारी बसों एवं रोडवेज बसों में बैठ कर पंजाब, हरियाणा की तरफ ले जाकर माल बेच दिया करते थे।

# किशोरी से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**बीकानेर,** (निसं) श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। किशोरी सब्जी लाने के लिए घर से बाहर निकली थी। इसी दौरान आरोपी उसके मुंह पर हाथ रखकर उसको सूनसान क्षेत्र स्थित मोबाइल टावर के क्वार्टर में लेकर गए। जहां एक ने बाहर रखवाली की तथा दूसरे ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के चिल्लाने व शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित किशोरी के भाई ने थाने में पहुंचकर इस आशय की रिपोर्ट पुलिस को दी है। रिपोर्ट के मुताबिक बुधवार को पीड़ित किशोरी अपने घर से सब्जी लाने के लिए बाहर निकली थी। आरोप है कि बीच रास्ते में उसको आरोपी आशाराम जाट व मनोज भाटी मिले। आरोप है कि आरोपियों ने जबरन उसके मुंह पर हाथ रखकर उसको मोबाइल टावर के क्वार्टर की ओर लेकर गए। जहां एक जने ने क्वार्टर के बाहर रहकर रखवाली की तथा दूसरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सरपंच एवं उसका पुत्र रिश्वत लेते गिरफ्तार

**झालावाड़,** (निसं)। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर झालावाड़ इकाई द्वारा गुरूवार को राधेश्याम सरपंच ग्राम पंचायत सरडा, तहसील अकलेरा, जिला झालावाड़ एवं उसके दलाल पुत्र रवि कुमार मेहर को परिवादी से 25 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। ए.सी.बी. की झालावाड़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि ग्राम पंचायत सरडा के ग्राम पिरथीपुरा में मनरेगा कार्यों की मस्टरोल पास करने की एवज में कमीशन के रूप में राधेश्याम सरपंच द्वारा उसके पुत्र रवि कुमार के माध्यम से 55 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

# एफएसटी टीम ने 10 लाख की नकदी पकड़ी

**जालोर,** (कासं)। लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जालोर विधानसभा क्षेत्र में एफएसटी-4 टीम द्वारा वाहनों की चैंकिंग के दौरान एक वाहन से 10 लाख रूपये की नकद राशि जब्त की गई। जालोर विधानसभा क्षेत्र की एफएसटी-4 टीम द्वारा बुधवार को बाकरा ग्राम व बाकरा रोड़ के मध्य वाहनों की चैंकिंग के दौरान वाहन की सघन जांच किये जाने पर वाहन में पाई गई 10 लाख रूपये की नकद राशि जब्त कर वाहन चालक हजारीमल बी सोलंकी से जब्त रूपयों की सीजर कार्यवाही की गई। वहीं जब्त राशि को कोषागार जालोर में जमा करवाया गया।

# 61 लाख की शराब पकड़ी

**लालसोट,** (निसं)। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता की पालना के लिए नाकाबंदी के दौरान बड़ का पाड़ा टोल प्लाजा पुलिस व एफएसटी और एसएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए कंटेनर में दवाइयों के कार्टनों के बीच भरकर ले जाई जा रही 61 लाख रूपए की अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ी है। जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव के चलते जब जांच टीम जांच कर रही थी उसी समय उनको उस कंटेनर में कुछ अवैध सामग्री होने का शक हुआ। जहां कंटेनर की सील तोड़ी तो पूरे मामले का खुलासा हुआ।

डिप्टी एसपी उदय सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि रेंज आईजी और जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सघनता से जांच करने के निर्देश दिए हुए थे। इसी के तहत एफएसटी टीम अधिकारी महेश गुप्ता व एसएसटी टीम के अधिकारी शंभूलाल मीना के नेतृत्व में कंटेनर ट्रक सहित अवैध रूप से ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब को जब्त करने की कार्रवाई की। बड़ का पाडा टोल प्लाजा पुलिस नाके पर एफएसटी, एसएसटी व नाके पर नियोजित पुलिस जाब्ता की ओर से वाहनों को चेक करने के दौरान एक कन्टेनर एक्सप्रेस-वे से दिल्ली की तरफ से आ रहा था। जिसको पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो चालक ट्रक को नाकाबंदी तोड़कर भगा ले गया, जिसको एफएसटी टीम व पुलिस जाब्ते ने रोका तो चालक कंटेनर को छोड़कर भाग गया। महेश गुप्ता व एएसपी लोकेश सोनवाल मौके पर पहुंचे। जहां पर एफएसटी, एसएसटी टीम व पुलिस जाब्ता मौजूद मिला। एफएसटी कंटेनर को चेक किया जो सीलशुदा था, जिसकी एफएसटी, एसएसटी व जाप्ते की मौजूदगी में कन्टेनर की सील को तोड़कर जांच की, तो अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब मिली, जिनको कीटनाशक दवाइयों के 1450 कार्टनों के बीच में रख रखा था जिन्हें कंटेनर सहित जब्त कर थाने लाया गया। कीटनाशक एवं अवैध शराब की कीमत 61 लाख रुपए के आसपास है।

# अजमेर के आनासागर में फैली जलकुंभी निगम प्रशासन के लिए गले की फांस बनी

## जलकुंभी के निरंतर फैलाव से जलीय जीवों के लिए ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से जीवन पर संकट



अजमेर के आनासागर में फैली जलकुंभी परेशानी का सबब बनी हुई है।

- झील को साफ करने वाली ठेकेदार फर्म का ठेके का कार्यकाल गुरुवार को समाप्त हो गया
- अब निगम प्रशासन को अपने स्तर पर ही झील की सफाई करानी होगी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील अपने अस्तित्व की लड़ाई लडने जैसी स्थिति में आ गई है। झील में फैली जलकुंभी नियंत्रण से बाहर होती नजर आ रही है, जलकुंभी ने पूरी झील को अपने कब्जे में ले लिया है।

अब जलकुंभी निगम प्रशासन के गले की फांस बन चुकी है, क्योंकि झील को साफ करने वाली ठेकेदार फर्म का ठेके का कार्यकाल गुरुवार समाप्त हो गया। अब निगम प्रशासन को अपने स्तर पर ही झील की सफाई करानी होगी। फिलहाल किसी अन्य ठेकेदार ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। वहीं निगम के द्वारा किए गए मानवीय व यांत्रिक प्रयास विफल हो चुके हैं। दिन भर में जितनी जलकुंभी निकाली जाती है अगली सुबह उससे दुगनी झील में नजर आती है।

**जलीय जीवों पर खतरा :-** आनासागर में जलकुंभी के निरंतर फैलाव से अब जलीय जीवों के लिए ऑक्सीजन की मात्रा कम होने से उनके जीवन पर संकट खड़ा हो गया है। जलकुंभी के जाल के कारण पानी में बदबू भी बढ़ने लगी है, जिससे वहां से गुजरने वालों लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी तो जलकुंभी के निस्तारण की है। पहले इसे सुखाने के लिए आसपास रखा जाता है इसके बाद दोबारा इसका परिवहन कर इसे ट्रेंचिंग ग्राऊंड की ओर ले जाया जाता है।

**निगम अपने स्तर पर संभालेगा व्यवस्थाएं :-** ठेकेदार फार्म का टेंडर पूरा होने के चलते अब नगर निगम प्रशासन शनिवार से सभी व्यवस्थाएं स्वयं के स्तर पर संभालेगा। जलकुंभी मुक्त करने के लिए चार जेसीबी, चार पोकलेन, एक डिविडिंग मशीन व 10 डंपर इस कार्य में लगाए गए हैं। जलकुंभी निकालने के लिए पोकलेन मशीन से बाहर निकाला जा रहा है। चार प्वाइंट बनाए गए हैं। इसमें बजरंगगढ़ घाटी के पास जेटी, क्रिश्चियनगंज क्षेत्र में चौपाटी सेल्फी प्वाइंट के पास, जी मॉल के पीछे, रीजनल कॉलेज चौपाटी के आसपास व रामनगर कायड़ विश्राम स्थली के पास कुछ चिन्हित स्थानों पर मशीनें लगा रखी हैं। जैसे जैसे जलकुंभी साफ होती जाती है जाल के जरिए इसे किनारे लाकर मशीन की रेंज तक पहुंचाया जाता है, फिर मशीन से बाहर निकाला जाता है।

**तापमान में बढ़ोतरी जलकुंभी के अनुकूल :-** पर्यावरणविदों की मानें तो जलकुंभी के फैलाव के लिए तापमान में बढ़ोतरी अधिक अनुकूल है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ेगी जलकुंभी पर नियंत्रण पाना और मुश्किल होगा। साथ ही हवा भी जलकुंभी साफ करने वालों के लिए समस्या बनी हुई है। पूरे दिन में जलकुंभी निकाली जाती है, शाम को हवा के रूख साथ दूसरी ओर चली जाती है, जिससे इसे निकाल पाना सफल नहीं हो पा रहा। मशीन एक ओर से निकालना शुरू करती है कुछ ही घंटों में यह जलकुंभी दूसरी ओर चली जाती है।



हार्दिक शार्ट पिच गेंद को नीचे मार रहे थे, जबकि मुंबई को ज्यादा से ज्यादा बड़े रन वाले ओवर की जरूरत थी।
-मनोज तिवारी

भारतीय बल्लेबाज, हार्दिक पांड्या के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## अभिषेक शर्मा

**मुंबई इंडियंस** को हराने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद ने कई रिकॉर्ड बनाए है। वहीं इस मुकाबले में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। इसी कड़ी में युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 16 गेंद में फिफ्टी ठोक दी। जिसके बाद वो आईपीएल इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। लेकिन अभिषेक की इस धुआंधार पारी से उनके गुरु युवराज सिंह खुश नहीं हैं। दरअसल, अभिषेक पंजाब की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और युवराज सिंह को वो अपना गुरु मानते हैं। युवराज सिंह की भी अभिषेक के खेल पर नजर रहती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्म कथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

# राजस्थान रॉयल्स की दूसरी जीत



## 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया

जयपुर, 28 मार्च। राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने मौजूदा सीजन के 9वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। राजस्थान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रन बनाए। जवाब में दिल्ली 20 ओवर में 5 विकेट पर 173 रन ही बना सकी। राजस्थान की ओर से रियान पराग ने 45 बॉल पर 84 रन की पारी खेली, जबकि रविचंद्रन अश्विन ने 29 और ध्रुव जुरेल ने 20 रन का योगदान दिया। दिल्ली की ओर से डेविड वॉर्नर ने 49 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 28 रन बनाए। राजस्थान के युजवेंद्र चहल और नांद्रे बर्गर ने 2-2 विकेट झटके।

# लगातार दूसरी हार के बाद रोहित शर्मा से बात करते दिखे आकाश अंबानी

नई दिल्ली, 28 मार्च। बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को बुरी तरह हरा दिया। हैदराबाद ने इस मैच में आईपीएल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। मुंबई की टीम हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खेल रही थी। टीम की हार के बाद उसकी सोशल मीडिया पर काफी आलोचना हुई। मैच के बाद आकाश अंबानी, पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से बातचीत करते नजर आए। रोहित और आकाश की फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

दरअसल, मुंबई इंडियंस ने इस सीजन के लिए बड़ा फैसला लिया था। उसने रोहित को कप्तानी से हटा दिया था। उनकी जगह पंड्या को ये जिम्मेदारी सौंपी। लेकिन हैदराबाद के खिलाफ पंड्या की कप्तानी बेहद खराब रही। उनकी कप्तानी पर कई पूर्व क्रिकेटर्स ने भी सवाल उठाए हैं। मैच के बाद आकाश और रोहित के बीच बातचीत हुई। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की गई है और अटकलें लगाए जा रही हैं कि रोहित को फिर से कप्तानी मिल सकती है।

हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। उसने आरसीबी के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आईपीएल की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड आरसीबी के नाम दर्ज था। लेकिन अब हैदराबाद के नाम हो गया है। हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासेन ने नाबाद 80 रन बनाए। उन्होंने 34 गेंदों में 7 छक्के और 4 चौके लगाए। अभिषेक शर्मा ने 63 रन और ट्रेविस हेड ने 62 रनों की पारी खेली।

# नांद्रे बर्गर ने कहा कभी सोचा नहीं था कि क्रिकेटर बनूंगा, मुफ्त पढ़ाई के लिये खेल से जुड़ा था

जयपुर, 28 मार्च। दक्षिण अफ्रीका के बायें हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर कभी क्रिकेटर बनना नहीं चाहते थे बल्कि मुफ्त पढाई के लिये उन्होंने खेल को चुना। उन्हें 2014 में क्रिकेट ट्रायल के जरिये विटवाटर्सरेंड यूनिवर्सिटी में दाखिला और पूरी स्कॉलरशिप मिली। उसके बाद से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा।

दक्षिण अफ्रीका के 28 वर्ष के तेज गेंदबाज बर्गर ने पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 50 लाख रूपये में खरीदा जबकि उन्होंने पिछले महीने एसए20 में भी जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के लिये खेला था।

बर्गर ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा ,'' अजीब लगता है ना।

विट्स उन छात्रों को स्कॉलरशिप दे रहा था जो क्रिकेट खेलते हैं। मैं क्रिकेटर बनना नहीं चाहता था लेकिन मुफ्त पढाई के लिये हाथ आजमाने में बुराई नहीं थी। क्रिकेट मेरी पढाई के लिये बैकअप था।'' उनकी यूनिवर्सिटी के कोच नील लीवेंसन ने उनमें एक सक्षम तेज गेंदबाज देखा।

बर्गर ने कहा ,'' पहले तो मैं हंसा कि मैं 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डालता हूं। मैं 145 किमी से नहीं डाल सकता। मैने फिर भी उन्हें हामी भरी और फिर मुझे मजा आने लगा।

# पी.वी. सिंधु का बेहतरीन प्रदर्शन, क्वार्टरफाइनल में की एंट्री



नई दिल्ली, 28 मार्च। भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली।

पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। सिंधू ने शुरुआती गेम में 3-0 की बढ़त बनायी लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लय गंवा दी। वह लगातार शटल को नेट पर खेल रही थी जिससे उनकी बढ़त घट कर 7-6 हो गयी।

भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को 18-12 करने में सफल रही। सिंधू ने इसके बाद आठ गेम प्वाइंट हासिल किये और तीसरे प्रयास में उसे भुना कर पहला गेम जीत लिया।

छोर बदलने के बाद भी यू-हसुन का संघर्ष जारी रही। उनके पास सिंधू के ताकतवर प्रहार का कोई जवाब नहीं था। ताइवान की यह खिलाड़ी बार-बार शटल को कोर्ट के बाहर खेल रही थी।

उन्होंने 'ड्रॉप शॉट' और 'प्लेस्मेंट' का इस्तेमाल किया लेकिन स्मैश में कोई ताकत नहीं होने से सिंधू को परेशान नहीं कर सकीं।

इस गेम में सिंधू ने आठ मैच प्वाइंट हासिल किये और यू-हसुन के शटल को नेट पर खेलने के साथ ही मुकाबला जीत लिया।

पिछले दो सप्ताह में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन की कैरोलिना मारिन के टूर्नामेंट से हटने के बाद सिंधू इस प्रतियोगिता में चैम्पियन बनने की मजबूत दावेदार हैं। सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपना पिछला खिताब2022 सिंगापुर ओपन सुपर 500 में जीता था।

# बांग्लादेश के शरफुद्दौला आईसीसी एलीट समूह के अंपायरों में शामिल

दुबई, 28 मार्च। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शरफुद्दौला को अंपायरों के अपने विशिष्ट पैनल में नियुक्त किया है। वह इस समूह में शामिल होने वाले पहले बंगलादेशी हैं। मैच रेफरी के नए पैनल में अनुभवी क्रिस ब्रॉड शामिल नहीं हैं। ब्रॉड वर्ष 2003 से एलीट पैनल में हैं। उन्होंने 123 टेस्ट, 361 एकदिवसीय और 135 टी-20 मैचें में अंपायरिंग की है। वह 2009 टी-20 विश्वकप और 2021 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मैच रेफरी थे। उनकी गिनती सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग वालों में है।

आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस ने कहा, क्रिस ब्रॉड कई वर्षों से एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एक मूल्यवान सदस्य रहे हैं और उन्होंने अपनी भूमिका उत्कृष्टता के साथ निभाई है। उन्होंने कहा, वह खेल के सर्वोत्तम हित में कठिन निर्णय लेने के लिए तैयार थे।

# भारतीय टीम का मुकाबला हांगकांग और इंडोनेशिया से होगा

एडिलेड, 28 मार्च। जेसन गिलेस्पी दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से जून के आखिर में इस्तीफा देंगे। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) ने गुरुवार को दिये एक बयान में कहा है कि जेसन गिलेस्पी जून के आखिर में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच का पद छोड़ देंगे।

गिलेस्पी ने कहा, हमने एसएसीए में एक साथ मिलकर जो हासिल किया, उस पर मुझे अविश्वसनीय रूप से गर्व है और मैं उन यादों को हमेशा संजोकर रखूंगा। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दक्षिण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है।

उन्होंने कहा, मैं स्ट्राइकर्स और रेडबैक्स के साथ मेरे समय के दौरान उनके समर्थन के लिए सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं, यह एक सच्चा टीम प्रयास रहा है।

अपने गृह राज्य में खेलने और कोचिंग करने में सक्षम होना एक अद्भुत अनुभव रहा है, कुछ ऐसा जिसे पाकर मैं सम्मानित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, मैं खेल में नए अवसरों का पता लगाने और अपने करियर के अगले अध्याय को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हूं।

## राजधानी

# हाईकोर्ट में मुकदमों की लचर पैरवी पर राज्यपाल को दिलाया ध्यान

## बेरोजगारों से जुड़े प्रकरण में चार साल में भी राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश नहीं करने पर अदालत ने नाराजगी जताई है

**■ अदालत ने दस हजार रुपए हर्जाने की शर्त पर राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए तीन अप्रैल तक का समय दिया है**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बेरोजगारों से जुड़े प्रकरण में चार साल में भी राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश नहीं करने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने आदेश की कॉपी राज्यपाल, मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को भेजी है। अदालत ने कहा कि इस मामले को राज्यपाल के ध्यान में लाना चाहिए, ताकि मुकदमेबाजी के दौरान राज्य सरकार के हितों की रक्षा की जा सके। इसके साथ ही अदालत ने दस हजार रुपए हर्जाने की शर्त पर राज्य सरकार को जवाब पेश करने के लिए तीन अप्रैल तक का समय दिया है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश रेखा कुमारी व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में 22 जनवरी, 2020 को राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता के कार्यालय में नोटिस तामील करा दी गई थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता ने समय-समय पर जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। वहीं चार साल बीतने के बाद अब भी राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिए समय मांगा जा रहा है। अदालत ने कहा कि मामला तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक पद पर नियुक्ति से जुडा हुआ है। याचिकाकर्ता बेरोजगार है और न्याय के लिए हाईकोर्ट आया है। राज्य सरकार, जिसे लोक कल्याणकारी राज्य कहा जाता है, पिछले चार साल से जवाब पेश करने के लिए समय मांग रहा है। सरकार के इस रवैये को किसी भी सूरत में लोक कल्याणकारी नहीं कहा जा सकता है। सरकार की ऐसी सुस्ती के चलते न्याय व्यवस्था विफल हो रही है और बेरोजगारों को अदालतों में आना पड रहा है।

अदालत ने कहा कि देखने में आया है कि बीते दो माह से सरकारी वकील और अधिकारी पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हैं। अदालत पूर्व में मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को भी तलब कर चुकी है, लेकिन अब तक कोई संतोषजनक व्यवस्था नहीं हुई है। कई बार सरकारी वकील की उपस्थिति नहीं होने के कारण सुनवाई टालनी पडी है। इसके अलावा कई मौकों पर तो खुद राज्य सरकार की ओर से पेश याचिका में सरकारी ही पेश नहीं हुए।

# द पैलेस स्कूल में ओरिएंटेशन सेशन

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल के नए संस्करण के अंतर्गत द पैलेस स्कूल में फाइनेंशियल लिटरेसी एक्सप्रेस्ड थ्रू फोक आर्ट्स विषय पर ओरिएंटेशन सेशन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जयपुर के 35 स्कूलों के प्रिंसिपलों और शिक्षकों ने उत्साह से हिस्सा लिया। जयपुर हिस्ट्री फेस्टिवल, भारत की समृद्ध विरासत को समकालीन शैक्षिक विषयों के साथ एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रसिद्ध है। इस आयोजन के माध्यम से लोक कलाओं की जीवंतता के साथ वित्तीय ज्ञान के सार को मिलाकर एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत हुई।

इस आयोजन पर प्रकाश डालते हुए जयपुर के एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने कहा, ''वित्तीय साक्षरता और वित्त से संबंधित विषयों को समझाने में स्थानीय कला और पारंपरिक लोक रूपों का एकीकरण बहुत ही रोचक और अद्भुत है। इस विशेष संयोजन में युवाओं को प्रबुद्ध करने की शक्ति है, जिससे वे देश के आर्थिक विकास और कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।''

# मांगणियार शैली में भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया



**डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के साथ रामकृष्ण मिशन जयपुर एवं वेस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर की ओर से स्तुति, ओड टू म्यूजिकल ट्रेडिशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, राजस्थान डेल्फिक कौंसिल के महासचिव डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने दीप प्रज्वलन कर की।**

**जयपुर**, (का.सं.)। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के साथ रामकृष्ण मिशन जयपुर एवं वेस्ट ज़ोन कल्चरल सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में स्तुति, ओड टू म्यूजिकल ट्रेडिशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कलाकारों ने लंगा और मांगणियार गायन शैली में राम-सिया एवं राधा कृष्ण के सुरीले भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम की शुरुआत सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ़ राजस्थान की अध्यक्ष एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन श्रेया गुहा, राजस्थान डेल्फिक कौंसिल के महासचिव डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी ने दीप प्रज्वलन कर की।

शुक्रवार को रामकृष्ण मिशन मंदिर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भुंगर खान एवं समूह द्वारा लंगा और मांगणियार गायन शैली में लोक भजनों और सुरीले गीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वही पंडित प्रवीण कुमार आर्या द्वारा प्रस्तुत पखावज वादन सुनकर भी दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

कार्यक्रम में प्रख्यात खड़तालवादक भुंगर खान ने ''अयोध्या राजा दशरथ की, रामचन्द्र अवतार लिये'' भजन पर अपने खड़ताल की तालों पर राम-सिया के विवाह दृश्यों को उतार कर सब का मन मोहा। कलाकारों ने राधा कृष्ण के भजनों पर जब राग अलापा तो सामने बैठा हर व्यक्ति भावविभोर हो उठा। इसी तरह पंडित प्रवीण कुमार आर्या के पखावज वादन से भी परिसर करतला ध्वनि से गूंज उठा।

कार्यक्रम में भुंगर खान मागणियार के खड़ताल का साथ ढोलक पर मंजूर खाँ, वीणा पर दादा खाँ एवं कामायचे पर भुगड़ें खाँ और गायन में भुट्टे खाँ और दादा खाँ ने साथ दिया।

कार्यक्रम में राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के महासचिव डॉ. जितेन्द्र सोनी ने राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के द्वारा की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा ने कलाकारों की प्रस्तुतियों को अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से प्रदेश की समृद्ध संगीत कला के सुर एकबार फिर लोगों के दिलों तक पहुंच सकेगी।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव संदीप वर्मा, राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के अध्यक्ष श्रेया गुहा, महासचिव डॉ. जितेन्द्र सोनी द्वार कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल पर पूर्ण प्रतिबंध

**जयपुर**। भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को सुबह 7 बजे से लेकर 1 जून की शाम 6.30 बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान देशभर में सभी लोकसभा क्षेत्रों में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा।

भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशों के अनुसार राजस्थान सहित अन्य चुनाव वाले सभी राज्यों में मतदान से 48 घंटे पूर्व ओपिनियन पोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों में प्रकाशित या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना अथवा अन्य किसी तरीके से प्रचार-प्रसार करने पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी ओपिनियन पोल या किसी अन्य प्रकार के मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी निर्वाचन मामले का प्रदर्शन 48 घंटों की अवधि जो इन चुनावों के संबंध में मतदान के समापन के लिए नियत घंटों के साथ समाप्त हुई हो, तक के लिए रोक रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 126 ए की उपधारा (1) के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल को इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया के जरिए या अन्य तरीके से प्रसारित करने पर प्रतिबंध लगाया है ।

# मम्प्स रोग के बढ़ते मामले को लेकर गाइड लाइन जारी

**जयपुर**। चिकित्सा विभाग ने बच्चों व वयस्कों में होने वाले मम्प्स संक्रामक रोग की रोकथाम के लिए गाइडलाइन जारी की है। जिसमे संक्रमण से ग्रसित या लक्षण नजर आने पर बच्चे को सात दिन स्कूल नहीं बुलाने, संदिग्ध के जांच नमूने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर भेजने और इस तरह के मामलों की नियमित रूप से स्वास्थ्य विभाग के पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ.रविप्रकाश माथुर ने बताया कि कुछ महीनों से प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में इस रोग के कई मामले सामने आए हैं। यह एक संक्रामक रोग है जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने के समय लार के माध्यम से दूसरे स्वस्थ व्यक्ति तक आसानी से फैलता है। इसके लक्षण रोगी के संपर्क में आने के बाद 2 से 3 सप्ताह में सामने आते हैं। जो 10 से 14 दिनों तक प्रभावित करते हैं। यह रोग होने पर अंडकोष, स्तन, मस्तिष्क, अंडाशय, अग्नाश्य और रीढ़ की हड्डी में सूजन और असाधारण स्थितियों में बहरेपन की स्थिति भी हो सकती है। इसके मुख्य लक्षणों में गले की लार ग्रंथि में तीन दिन तक दर्द और सूजन के साथ ही मांसपेशियों में दर्द, सूजन और भूख में कमी शामिल हैं।

## सार-समाचार

### अधिवक्ता वरूण पालीवाल सम्मानित



उदयपुर,(कासं)। विदेश मंत्रालय भारत सरकार और उसानास संस्था के वार्षिक भू-राजनीतिक संवाद 2024 मे सुप्रीम कोर्ट, इंडिया के अधिवक्ता वरूण वी.एच.पालीवाल सम्मानित हुए।दो दिवसीय आयोजन के मुख्य अतिथि जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री अलनानी के साथ भारत के पूर्व विदेश मंत्री एम.जे.अकबर, दिल्ली के पूर्व एल.जी.तेजेन्द्र खन्ना एवं लक्ष्मी पुरी (असि.सेकेट्रूरी जनरल-संयुक्त राष्ट्र), डा.रूबिन (पेंटागन यूएसए), तुर्किये के राजदूत, आर्मेनिया के राजदूत, डिप्टी एन.एस.ए.एवं ले.जनरल राज शुक्ला आदि कई देशों के राजदूत और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कानून आधारित विश्व में विश्वमित्र भारत की भूमिका पर यह अत्यंत सफल वार्ता रही। अधिवक्ता वरूण पालीवाल को गत 22-23 मार्च को उदयपुर के होटल रिसोर्ट रमाडा में सम्मानित किया।

### एक अप्रेल से ई-डी.एल. की व्यवस्था शुरू

उदयपुर, (कासं)। एक अप्रेल से राज्य में ई-डीएल की व्यवस्था आंरभ होने से ड्राइविंग टेस्ट के जिन ऑनलाईन आवेदनों में ड्राईविंग टेस्ट का स्लॉस्ट अप्रेल माह में नियत हो गया है, वे आवेदक आगामी 28 एवं 29, 30 व 31 मार्च (राजकीय अवकाश) को संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में ऑन द स्पॉट अपना स्लॉस्ट मार्च के इन दिनों के लिए करवा सकेगें।प्रादेशिक परिहवन अधिकारी नेमीचन्द पारीक ने बताया कि इस यदि उक्त तिथियों को आवेदक परिवहन कार्यालय में आकर ऑन द स्पॉट अपना स्लॉस्ट रिशिडयूल करवा सकते है। उन्होंने बताया कि मार्च में बकाया राजस्व शत प्रतिशत अर्जित करने के उदेश्य से राजकीय अवकाश के दिनों में कर संठाहण के साथ साथ अन्य सभी राजकीय कार्य एवं उनसे संबंधित राजस्व अर्जन किया जा सकेगा।

### संगोष्ठी 30 मार्च से

उदयपुर, (कासं)। भूपाल नोबल्स विवि के सामाजिक एवं मानविकी संकाय के अर्थशास्त्र विभाग एवं सतत शोध कल्याण संस्थान, उदयपुर के साझे में 'सतत विकास में नयी दृष्टि :अवसर एवं चुनौतियां' विषयक दो दिवसीय 30 व 31 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी संगोष्ठी समन्वयक डॉ. नरेश कुमार पटेल ने दी। संगोष्ठी सह समन्वयक व जोधपुर विवि के सहआचार्य डॉ लक्ष्मण सालवी ने बताया कि यह गोष्ठी हाइब्रिड माध्यम से होगी। आयोजन सचिव एवं सतत शोध कल्याण संस्थान की सचिव डॉ एकता कटोड ने बताया कि इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्टीय शोधकर्ताओं द्वारा पत्रवाचन किए जाएंगे। भूपाल नोबल्स विवि के चैयरपर्सन एवं संगोष्ठी के मुख्य संरक्षक कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रेसिडेन्ट एवं संगोष्ठी संरक्षक डॉ. महेन्द्र सिंह, कुलसचिव एवं संगोष्ठी सह सरंक्षक मोहब्बत सिंह ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि संगोष्ठी में सतत विकास की नई दृष्टि के विविध आयामों एवं चुनौतियों पर शोधपरक चिंतन किया जाएगा।

### अवैध गांजे के पौधे जब्त

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान उनसाठ लाख रूपये मूल्य के गांजे के अवैध पौधे जब्त किए। अन्यत्र कोटडा थाना पुलिस ने लाखों का अवैध गांजा जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठोड़ के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी धनतपसिंह के नेतृत्व मेंगठित दल ने गुराजगांव में स्थित भग्गाराम पुत्र मीठाराम निवासी उपला गुरा बैकरिया के खेत में लगे 46 किलो अवैध गाजे के पौधे, भीमाराम पुत्र भेराराम निवासी गुरा बैकरिया के खैत से 72 किलोठााम अवैध गांजे के पौधे जब्त कर प्रकरण दर्ज किए। बरामद गांजे की फसल का मूल्य करीब 59लाख रूपये बताया जाता है। इसी तरह जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्रसिंह राठोड़ के सुपरविजन में कोटड़ा थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह चम्पावत के नेतृत्व में गठित दल ने जोगाराम उर्फ जगदीश पुत्र उदा निवासी जानिया खाखरा जोगीवड़ कोटड़ा के कब्जे से 11 लाख रूपये मूल्य का 21 किलों 250 ठााम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया।

### अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनराजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए मादडी इन्डस्ट्रियल एरिया में नाकाबंदी के दौरान राजु पुत्र हिरालाल ओड निवासी मठ मादडी प्रतापनगर तथा अन्य कार्यवाही में देबारी चौराहे से नाकाबंदी के दौरान कमलेश राव पुत्र बालकिशन राव निवासी खेमपुरा रेल्वे फाटक प्रतापनगर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

# भाजपा प्रत्याशी रावत ने मंत्रोचारण के साथ दाखिल किया नामांकन



उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए मन्नालाल रावत ने जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल को नामांकन प्रस्तुत किया।

उदयपुर । निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के द्वितीय चरण की अधिसूचना गुरुवार को जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया भी प्रारंभ हुई। उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए पहले दिन एक प्रत्याशी ने चार नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन गुरुवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,सेक्टर-14 उदयपुर निवासी मन्नालाल रावत पुत्र गौतमलाल ने भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के तौर पर चार नाम, निर्देशन पत्र प्रस्तुत किए हैं। पोसवाल ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 4 अप्रैल तक चलेगी। इसमें उम्मीदवार राजकीय अवकाश को छोड कर शेष दिवस में सुबह 11 से अपराह्न 3 बजे के मध्य रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय (जिला कलक्टर कार्यालय) में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 5 अप्रैल को होगी। नाम वापसी की समय.सीमा 8 अप्रैल अपराह्न 3 बजे तक रहेगी।

नामांकन प्रक्रिया शुरू के पहले दिन उदयपुर सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत ने गुरूवार दोपहर नामांकन दाखिल करवाया। अपने प्रस्तावकों के साथ कलेक्ट्री पहुंचे रावत ने जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद पोसवाल के समक्ष नामांकन दाखिल किया। टाउनहॉल में रावत के समर्थन में सभा भी रखी गई।मन्नालाल रावत वर्षो तक उदयपुर में परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे। इस दौरान विभिन्न स्तर की बैठकों में शामिल होने वे परिवहन अधिकारी के रूप में कई बार कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन गुरूवार को तस्वीर बदली बदली नजर आयी। इस बार रावत गले में भाजपा का दूपट्टा डाले एक नेता के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और लोकसभा का चुनाव लडने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जिला कलेक्टर के समक्ष अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया। रावत ने कुल चार नामाकंन पत्र दाखिल किए। रावत ठीक सवा 12 बजे जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे लेकिन तय मुर्हत के अनुसार 12.26 मिनिट पर अपना नामाकंन पत्र दाखिल किया।नामाकंन से पहले प्रदेश के जनजातिय मंत्री बाबूलाल खराडी, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली, देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन,सलूम्बर विधायक अमृतलाल मीणा, उपजिला प्रमुख पुष्कर तेली, अतिरिक्त महा धिवक्ता प्रवीण खंडेलवाल सहित कई नेता मौजूद रहे।

### आठ कोरोना रोगी मिले

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर जिले में गुरुवार को कोविड के 67 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 8 पॉजटिव पाये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को कोविड के 67 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 59 नेगेटिव एवं 8 पॉजिटिव पाये गये।

**सूचना**

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी, जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4)SEIAA/SEAC-RAJ/Sectt-/Project/Cat.B2 (20226)/ 2021-22 Jaipur दिनांक 01/08/2022 द्वारा श्री पुलकीत माहेश्वरी एफ 204, अक्षत निलय अपार्टमेन्ट, हवा सड़क, गीजगढ़ विहार, सिविल लाईन, जिला जयपुर (राज.) के पक्ष में स्वीकृत खनन पट्टा संख्या 03/2021) क्षेत्रफल 1.043 हैक्टर, निकट ग्राम पाडोली, तहसील सागवाड़ा, जिला डूंगरपुर के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बधित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के पत्र क्रमांक: No. F1 (4)/SEIAA/SEAC-Raj/Scett/Project/Cat.B1 (24110)/2021-22 Jaipur Dated 01 Mar 2024 के द्वारा मैसर्स भगवती टाईल्स प्रोपराईटर श्री बिजेन्द्र सिंह लाठर प्लॉट नम्बर 17/2017 क्षेत्रफल 1.8922 हेक्टर वास्ते खनिज ग्रेनाईट निकट ग्राम बाघा का खेड़ा तहसील देवगढ़ जिला राजसमंद (राज.) Production Capacity 250000 TPA के लिए पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति की प्रति SFIAA जयपुर एवं राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल कार्यालय में जन साधारण के लिए उपलब्ध है एवं प्रदूषण मण्डल की वेबसाइट www.rpcb.nic पर देखी जा सकती है।

प्रो. श्री बिजेन्द्र सिंह लाठर (मै. भगवती टाईल्स)

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 3816 दिनांक :28/03/2024

**लोक - सूचना**

श्रीमती इति मादरेचा पत्नी श्री संजय कुमार मादरेचा एवं श्री नयन मादरेचा पिता श्री संजय मादरेचा निवासी व्हाईट हाऊस अरिहन्त विहार कॉलोनी 100 फीट रोड राजसमन्द तहसील व जिला राजसमन्द द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | आसोटिया | 1315<br>1762/1316<br>1764/1318<br>1319,1320 | रकबा 0.2914 हैक्टेयर, रकबा 0.5029 हैक्टेयर<br>रकबा 0.5423 हैक्टेयर,<br>रकबा 0.2914 हैक्टेयर, रकबा 0.2509 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28/03/2024 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर परिषद राजसमंद**

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद राजसमन्द**

सं. 3818 दिनांक :28/03/2024

**लोक - सूचना**

श्री घनश्याम मीणा पिता श्री रामजीलाल मीणा निवासी सीनियर स्कूल के पास खेडिया करौली द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | जावद | 883/2 | रकबा 0.1214 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 28/03/2024 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त , नगर परिषद राजसमंद**

# पूल केम्पस ड्राइव में 30 विद्यार्थियों का चयन

उदयपुर, (कासं)। गीतांजली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्निकल स्टडीज (गिट्स) में विश्व प्रसिद्ध सेमीकन्डक्टर कम्पनी माइक्रोन टेक्नोलोजी के पूल केम्पस ड्राइव गिट्स व विभिन्न कॉलेज के 30 बी.टेक के विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट इन्जिनियर ट्रेनी के पद पर हुआ।

संस्थान के निदेशक डॉ. एन. एस. राठौड ने बताया कि भारत सेमीकन्डक्टर मेनूफेक्चरिंग की दिशा में आगे बढ रहा हैं। भविष्य में भारत चिप मेनूफेक्चरिंग कम्पनीज का हब होगा। माइक्रोन टेक्नोलॉजी सेमीकन्डक्टर मेनूफेक्चरिंग सेक्टर में टॉप कम्पनीज में शुमार हैं। जो 1978 से 17 देशों में 11 चिप मेनूफेक्चरिंग युनिट के साथ 43 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के साथ मेमोरी सोल्यूशन पर काम कर रही हैं। जिसके प्रमुख उत्पाद डी रैम, नेन्ड, नोर, सोलिड स्टेट डिवाइस और हाई बेण्डविड्थ मेमोरी हैं। यह सब मेमोरी डिवाइस किसी भी इलेक्ट्रोनिक्स डिवाइस के प्रमुख पार्ट होते हैं।

संस्थान के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हैड अरविन्द सिंह पेमावत के अनुसार इस पूल केम्पस ड्राइव में राजस्थान के विभिन्न प्रतिष्ठित इन्जिनियरिंग कॉलेज एम.एन.आई.टी. जयपुर, सी.टी.ए.ई. उदयपुर, एम.एल.वी.टी. भीलवाडा एवं गिट्स जैसे प्रमुख इन्जिनियरिंग महाविद्यालयों के 200 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। मलेशिया से इन्टरव्यु के लिए आये कम्पनी ऑफिसियल्स ने लिखित परीक्षा, टेक्नीकल इन्टरव्यू एवं एच. आर. के माध्यम से कोर ब्रान्च इलेक्ट्रीकल, इलेक्ट्रोनिक्स और मेकेनिकल इन्जिनियरिंग के 30 विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट इन्जिनियर टेऊनी के पद पर किया। वित्त नियंत्रक बी.एल. जांगिड ने चयनित विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की।

### ट्रेक्टर जब्त

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गजेन्द्र सिंह राव के सुपरविजन में टीडी थानाधिकारी फैलीराम मीणा के नेतृत्व में गठित दल ने पाटीया बस स्टेण्ड से अवैध बजरी से भरा टेक्टर मय ट्रोली जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## 'मतदान से पहले ही कांग्रेस के नेताओं ने हाथ खड़े कर दिए'

उदयपुर, (कासं)।भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने उदयपुर में कहा मुझे तो आश्चर्य हो रहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के टिकट मिलने के बाद नेता हाथ जोडकर भाग कैसे रहे हैं। कांग्रेस के बडे नेताओं ने तो हाथ खडे कर दिए। बडी मुश्किल से तो किसी को तैयार किया कि चुनाव लडना है। जोशी ने कहा कि ये मोदी लहर है राम लहर है।

सीपी जोशी गुरुवार को उदयपुर से पाटी प्रत्याशी मन्नालाल रावत नामांकन दाखिल करने के बाद टाउनहॉल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे । सभा के दौरान सीपी जोशी ने मोदी सरकार के कामकाज को गिनाकर कांग्रेस पर वार किया। सीपी जोशी ने कहा कि यह सब तब होता है जब देश का शीर्ष नेतृत्व 140 करोड जनता को अपना परिवार मानता है। अटूट विश्वास तब होता है जब आपके 50 साल का राज मोदी के दस साल पर भारी होते है। मोदी से पहले परिवारवाद होता था और मोदी के बाद लोकतंत्र है। पहले बेरोजगार हुआ करते थे और आज कौशल हुआ करता है। राम मंदिर के निर्माण में रोडे अटकाएं और आज मंदिर का निर्माण हो चुका है। सीपी ने कहा कि पहले हम दुनिया का अनुसरण करते थे और 2014 के बाद दुनिया भारत और यहां के प्रधानमंत्री का अनुसरण करती है।सीपी ने भाषण में मोदी सरकार की महिला आरक्षण की बात भी रखी। उदयपुर के प्रत्याशी मन्नालाल रावत की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगली बार उदयपुर और चित्तौड का भी नंबर आ सकता है। उनका तर्क था कि सीट महिला रिजर्व हो सकती है, कुछ कह नहीं सकते।जनजाति मंत्री बाबूलाल खराडी ने कहा कि कांग्रेस ने झूठ की पीएचडी कर रखी है। मोदी ने जो कहां वो किया है,यही मोदी की गारंटी है। राज्य में भजनलाल सरकार ने डेढ महीने में जनता के हित में फैसले लिए। भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत ने कहा कि मैं आदिवासी हिन्दू हूं। सबको मोदी बनकर अपने क्षेत्र में खडे रहना है। रावत ने कहा कि जिस तरह राष्ट्र में रुपांतरण और परिवर्तन का महादौर चल रहा है।

### फरार आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। अवैध हथियार कब्जे में रखने एवं डकैती के मामले में एक वर्ष से फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेशग गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनराजपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध हथियार व डकैती मामले में एक वर्ष से फरार स्थाई वारंटी योगेन्द्रसिंह उर्फ भानु पुत्र रणजीतसहिं निवासी मठ मार्ग सवीना हॉल सेक्टर 14 गोवर्धन विलास को गिरफ्तार किया।

**आरएमजीबी RMGB**

**राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक**

(भारत सरकार, राजस्थान सरकार, एंव स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का संयुक्त उपक्रम)

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन निविदा द्वारा सार्वजनिक विक्रय सूचना

शाखा - राजसमन्द

चूंकि निम्न ऋणी/जमानती को उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 2 ) के अन्तर्गत उनके सामने अंकित बकाया राशि की वसूली के हेतु नोटिस जारी किये गये थे। तत्पश्चात् अधोपदनामित द्वारा जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम 2002 के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न ऋणी/जमानती की बंधक सम्पत्ति को कब्जे में लेकर "जैसी हैं-जहाँ है", "जैसी है-जो भी हैं" तथा "जो कुछ भी हैं" के आधार पर ऋण वसूली हेतु विक्रय के लिये निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| ऋणी/जमानती का नाम | धारा 13 (2) के नोटिस की तिथि एवं राशि (रू) | बन्धक रखी गई सम्पति का विवरण | दिनांक 27.03.2024 तक बकाया राशि (रू) | नीलामी तिथि समय एवं स्थान | आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (रू) |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋणी:- श्री मदन लाल कुमावत पिता श्री छोगा लाल कुमावत जमानती:- श्री रमेश जैन पिता श्री मिश्री लाल | 05.05.2022 रू. 14,47,527/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | ऋणी:- श्री मदन लाल कुमावत पिता श्री छोगालाल के नाम भूमि एंव निर्माण आवासीय संपत्ति खसरा नं.-635, जिसका क्षेत्रफल 744 वर्ग फीट हैं जो कि गांव-हाथीनाडा, तहसील-कांकरोली, जिला-राजसमन्द (राज.) में स्थित हैं। सम्पत्ति का पडौस निम्नानुसार है:- उत्तर में:- आम रास्ता, दक्षिण में:- श्री नारायण जी का मकान, पूर्व में:-श्री नेनचन्द एवं मोहिनी बाई का मकान, पश्चिम में:- श्री भेरूलाल का मकान | बकाया राशि रू. 14,36,638/- + ब्याज एवं अदत्त खर्चे | दिनांक 06.05.2024 समय दोपहर 02 बजे एवं स्थान शाखा परिसर | आरक्षित मूल्य रू. 16,60,634/- धरोहर राशि रू. 1,66,064/- |

**नीलामी की शर्तेः-** 1.उपरोक्त सम्पत्तियों को उक्त अंकित आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा। इच्छुक निविदादाताओं को **प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा - राजसमन्द** के पक्ष में देय पें-आर्डर/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में ( जो कि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या अनुसूचित बैंक का हो ) उक्त अंकित धरोहर राशि जमा करानी होगी। सफल बोलीदाता के मामले में कथित जमा राशि समायोजित कर ली जाएगी अन्यथा निविदा प्रक्रिया के पूर्ण होने पर वापस कर दी जाएगी। धरोहर राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा। 2. मुहरबंद निविदाऐं धरोहर राशि सहित सीलबंद लिफाफे में जिस पर उपरोक्त सम्पत्ति जिस हेतु निविदा दी गई है का विवरण लिखा हो, प्राधिकृत अधिकारी, राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक, शाखा-राजसमन्द में दिनांक 06.05.2024 ( अंतिम तिथि ) दोपहरः 02:00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। 03. अंतिम तिथि के बाद/बिना धरोहर राशि के/अधूरा/किसी भी प्रकार की शर्तों सहित होने पर निविदा अमान्य होगी, निविदाऐं दिनांक 06.05.2024 को प्राधिकृत अधिकारी एंव उपस्थित निविदाकर्ताओं की उपस्थिति में दोपहर 02.30 बजे विचारार्थ खोली जाएगी तथा निविदाकर्ताओं के मध्य आपस में बोली बढाने के लिए अवसर दिया जाएगा और अधिकतम बोली को स्वीकार किया जाएगा। 4. अनुसूचित सम्पत्ति का निरीक्षण सम्पत्ति स्थल पर किया जा सकता है। 5. सफल बोलीदाता को बोली छूटने के 24 घंटे के अन्दर बिक्री मूल्य की 25 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। क्रेता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीलामी पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के अन्दर या अधोपदनामित के स्वविवेकानुसार दिए गये समय में शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करानी होगी अन्यथा जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. प्राधिकृत अधिकारी सर्वोच्च ऑफर अथवा किसी/समस्त ऑफर को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं है तथा वह बिना कारण बताए उसे अस्वीकार कर सकते हैं। 7. विधि अनुसार यथा प्रयोज्य हस्तान्तरण खर्च जैसे-स्टाम्प शुल्क पंजीकरण फीस इत्यादि हेतु देय प्रभार/शुल्क सफल बोलीदाता वहन करेगा। 8. **सम्पत्ति "जैसी हैं-जहाँ है", "जैसी है-जो भी हैं" तथा " जो कुछ भी हैं"** के आधार पर बेची जाएगी तथा अधोपदनामित के ज्ञानानुसार सम्पत्ति पर कोई बकाया नहीं है फिर भी यदि कोई बकाया होता हैं तो निविदाकार/खरीददार को जमा कराना होगा। 9. बिक्री अधीन सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रभार, लियन, भारग्रसता, सम्पत्ति कर अथवा सरकार अथवा किसी अन्य को देय कोई प्रभार के लिये प्राधिकृत अधिकारी को उत्तरदायी नहीं ठहराया जायेगा। 10. बिक्री प्रमाण-पत्र निविदाकार के नाम से ही दिया जाएगा। 11. उक्त सम्पत्ति के लिए इच्छुक क्रेता नहीं आने पर या बोली स्वीकार नहीं करने के कारण सम्पत्ति को नियम 8 (5) में वर्णित अन्य शक्तियों का उपयोग करते हुए बेचा जा सकेगा। 12. यह प्रकाशन उपरोक्त सभी ऋणीयों/जमानतदारों को 30 दिन का विक्रय नोटिस भी है।

नोटः एतद् द्वारा ऋणीयों और जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि यदि आपके पास कोई उचित मूल्य देने वाले क्रेता उपलब्ध हो तो निविदा तिथि तक प्राधिकृत अधिकारी को सम्पर्क करें और सम्पत्ति उचित मूल्य पर शांतिपूर्वक विक्रय में सकारात्मक सहयोग देवें।

एन्फोर्समेन्ट एजेन्सी:- एम.बी.फाईनेन्स, 217, 2nd फ्लोर एम.एम.कॉम्पलेक्स, उदियापोल, उदयपुर-313001 (राज.) मो.नंबर:- 6376410997, 9460507672

प्राधिकृत अधिकारी
राजस्थान मरूधरा ग्रामीण बैंक
शाखा-राजसमन्द

# केवल अच्छे पैकेज लेना ही जरूरी नहीं बल्कि दुनिया को कुछ देना भी जरूरी : सारंगदेवोत



'सोलरमैन ऑफ इंडिया इन उदयपुर' ऊर्जा स्वराज यात्रा में प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत आदि मौजूद रहे।

उदयपुर,(कासं)। एक बार उत्सर्जित कार्बन दुनिया में 300 वर्षो तक रहता है और मानव जीवन को दूषित करता रहता है। उत्सर्जित कार्बन पूरी दुनिया में फैलता है, किसी एक देश में नहीं, अतः यह हमारा दायित्व है कि हम उन उपकरणों का प्रयोग करें जो कम से कम ऊर्जा की खपत करें। ये विचार गुरुवार को जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ में सोलरमैन ऑफ इंडिया से विख्यात प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ने व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि धरती पर तापमान में 1.3 डिग्री की बढोतरी हो चुकी है और 1.5 से 2 डिग्री का परिवर्तन लक्ष्मण रेखा है। उन्होंने सोलर ए-एम-जी का नियम बताते हुए कहा कि सर्वप्रथम हम किसी भी एनर्जी का उपयोग नहीं करें, सोलर ऊर्जा का भी नहीं, बल्कि प्राकृतिक रूप से जीना सीखें। जहां आवश्यकता है वहां न्यूनतम उपयोग करें और साथ ही ऊर्जा उत्पादन भी करें। ऊर्जा स्वराज का अर्थ है कि हम घर-घर में नहीं तो कम से कम अपने क्षेत्र में अपनी आवश्यकतानुसार ऊर्जा उत्पन्न कर पाएं।

कुलपति कर्नल प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि, विद्यार्थी ऊर्जा सरंक्षण के कार्य अपने घर से करें, उनसे उनके बडे-बुजुर्ग और अन्य लोग भी सीखने लग जाएंगे। कुछ करने के लिए जुनून होना चाहिए, जुनून के लिए प्रेरणा की जरूरत होती है। भारत विश्व गुरु तभी बन पाएगा जब हम जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। इन परिवर्तनों में ऊर्जा सरंक्षण और प्रकृति सरंक्षण महत्वपूर्ण विषय हैं और किस विषय में कितना जानना है, यह विद्यार्थी को खुद सोचना होगा। इनके अतिरिक्त 50 साल के बाद जीवन मुश्किल न हो जाए, इस पर विचार भी जरूरी है। केवल अच्छे पैकेज लेना ही नहीं बल्कि दुनिया को कुछ देना आवश्यक है। पचपन हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके प्रो. सोलंकी ने अपने जीवन को प्रेरणास्पद बना दिया है। उन्होंने एक सोलर बस का निर्माण किया है, जिसमें वे स्वयं रहते भी हैं।

विद्यापीठ की ओर से समन्वयक डॉ. चंद्रेश छतलानी ने बताया कि विद्यापीठ पिछले दो वर्षो से प्रो. सोलंकी के ऊर्जा स्वराज मिशन से जुडा हुआ है। ऊर्जा साक्षरता कार्यक्रम में बारह सौ से अधिक विद्यार्थियों व कार्यकर्ताओं ने पंजीकरण भी किया है । प्रारम्भ में स्वागत अधिष्ठाता व निदेशक प्रो. मंजू मांडोत ने किया, आभार डॉ. भारत सिंह ने जताया।कार्यक्रम में डॉ. मनीष श्रीमाली, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. भरत सुखवाल, डॉ. ललित सालवी, विकास डांगी सहित विद्यार्थी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।


खुशखबरी **परिवहन विभाग, राजस्थान** सुनहरा मौका

**प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, उदयपुर**

**एमनेस्टी योजना-2024**



**जुर्माना राशि में भारी छूट पाएं**

**ई-रवन्ना ओवरलोड वाहनों के चालान 31 मार्च, 2024 तक जमा करायें**



**वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आखिरी 3 दिवस शेष**

| क्र. स. | इस विभाग की अधिसूचना सं. प.7 (47) परि./नियम/मु0/87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के आधार पर 31.01.2024 तक यान के लिए संदेय कुल शमन रकम (रू. में) | इस विभाग की अधिसूचना सं. प. 7 (47) परि./नियम/मु0/87/पार्ट/1/1 दिनांक 24.02.2021 के आधार पर 31.01.2024 तक यान के लिए संदेय कुल शमन रकम (प्रतिशत में) | अधिकतम संदेय शमन रकम (रू. में) अधिसूचना क्रमांकः प.7 (47) परि/नियम/मु0/87/पार्ट/1/1 दिनांक 08.02.2024 के आधार पर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | 1 लाख तक | 25 प्रतिशत | न्यूनतम 1500रू. से अधिकतम 25000 रू |
| 2. | 1लाख से अधिक और 10 लाख तक | 10 प्रतिशत | न्यूनतम 25000 रू - अधिकतम 1,15,000 रू तक |
| 3. | 10लाख से अधिक और 25 लाख तक | 8 प्रतिशत | न्यूनतम 1,15,000 रू - अधिकतम 2,35,000 रू तक |
| 4. | 25लाख से अधिक और 50 लाख तक | 6 प्रतिशत | न्यूनतम 2,35,000 रू - अधिकतम 3,85,000 रू तक |
| 5. | 50लाख से अधिक और 75 लाख तक | 4 प्रतिशत | न्यूनतम 3,85,000 रू - अधिकतम 4,85,000 रू तक |
| 6. | 75लाख से अधिक और 1 करोड़ तक | 2 प्रतिशत | न्यूनतम 4,85,000 रू - अधिकतम 5,35,000 रू तक |
| 7. | 1 करोड से अधिक | 1 प्रतिशत | न्यूनतम 5,35,000 रू से अधिक |

- उपरोक्त छूट केवल टोल नाकों और खान विभाग के ई-रवन्ना के आधार पर दर्ज ओवरलोड प्रकरणों पर प्रभावी।
- उपरोक्त छूट 31/01/2024 तक दर्ज प्रकरणों पर ही लागू होगी

परिवहन विभाग की योजनाओं का लाभ लेने/समस्या समाधान के लिए कॉल करें 0294-2471522
समय सीमा 31 मार्च, 2024 तक 09.30 A.M. 6.00 P.M. तक

**नोट : दिनांक 29, 30 एवं 31 मार्च 2024 राजकीय अवकाश को भी कार्यालय यथावत खुले रहेंगें।**

# भाजपा हरियाणा की दो दिनों में पांच बैठकें, बनाई जीत की अभेद्य रणनीति

## हरियाणा में भाजपा के लिए शानदार माहौल, दसों सीटें जीतना तयः डॉ. सतीश पूनिया

■ **दूसरे दिन क्लस्टर इन्चार्ज, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा विस्तारक और मोर्चा पदाधिकारियों के साथ बैठकें हुईं।**

गुरुग्राम/जयपुर 28 मार्च (का.सं.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव 2024 को प्रचंड विजय के साथ ऐतिहासिक बनाने की कवायद में जुटी हरियाणा भाजपा का दूसरे दिन भी गुरुग्राम में बैठकों का दौर जारी रहा। बुधवार को देर रात तक मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की मौजूदगी में हुई बैठकों के बाद गुरुवार को भी गुरुकमल कार्यालय में सतीश पूनिया की अध्यक्षता में दो महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। पहली बैठक में क्लस्टर इन्चार्ज, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा संयोजक एवं लोकसभा विस्तारक शामिल हुए, जबकि दूसरी बैठक मोर्चा पदाधिकारियों के साथ हुई।

बैठक में डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश लोकसभा चुनाव सह प्रभारी सुरेन्द्र नागर, चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक सुभाष बराला, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा आदि वरिष्ठ नेताओं ने आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। इसके अलावा आगामी दिनों में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर होने वाली रैलियों की तिथियों पर भी चर्चा हुई।

हरियाणा पदाधिकारियों की बैठक लेने के बाद डॉ. पूनिया ने दावा किया कि, भाजपा हरियाणा में 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि, हरियाणा में भाजपा के प्रति शानदार माहौल है। बैठकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. पूनिया ने बताया कि, इन बैठकों में लोकसभा प्रत्याशियों से चुनाव को लेकर होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई है।

उन्होंने कहा कि, पार्टी के सभी विभागों के साथ चुनाव प्रबंधन को लेकर भी सार्थक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि, चुनाव में संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और हरियाणा में संगठनात्मक रूप से भाजपा मजबूत है।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि, हरियाणा और देश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहते हैं और भाजपा की डबल इंजन की सरकार के कामों से संतुष्ट हैं। मिशन 370 और मिशन 400 पार के लिए हरियाणा संकल्पित है और निश्चित तौर पर दस की दस लोकसभा सीटें जिताकर हरियाणा की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास भेजेगी। उन्होंने कहा कि, मोदी और नायब सैनी सरकार के जनहित के कार्य प्रदेश की जनता को दिखाई दे रहे हैं, इसलिए प्रदेश की जनता भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाने का मन बना चुकी है।

डॉ. पूनिया ने कहा कि, सभी नेता और कार्यकर्ता जनता को मोदी सरकार की उपलब्धियां बताएं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें।

डॉ. पूनिया ने उपस्थित पदाधिकारियों से हरियाणा की 10 की 10 सीटों को जीतने के लिए टीम भावना से काम करने और बूथ तक पार्टी को और अधिक मजबूत करने की बात कही।

## माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत

■ **बांदा जेल में बंद बाहुबली सांसद मुख्तार अंसारी की तबीयत बिगड़ने के बाद मैडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान अंसारी ने दम तोड़ दिया।**

बांदा, 28 मार्च। माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार की शाम हार्ट अटैक के बाद मौत हो गई। बांदा जेल में बंद मुख्तार की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इलाज के दौरान मुख्तार अंसारी ने दम तोड़ दिया। प्रशासन की ओर से मौत की पुष्टि कर दी गई है। मुख्तार अंसारी की इस सप्ताह दूसरी बार तबीयत बिगड़ी थी। इससे पहले भी उनकी तबीयत खराब हो चुकी है। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। चेकअप के बाद वापस जेल भेजा गया था, जहां गुरुवार को एक बार फिर उनकी तबीयत खराब हो गई। डॉक्टरों ने चेकअप के दौरान हार्ट अटैक की बात कही। इसके बाद एंबुलेंस से उन्हें मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था।

# राजनाथ सिंह ने अग्निपथ योजना में बदलाव के संकेत दिये

## राजनाथ सिंह ने कहा कि, अग्निवीरों की भर्ती के संबंध में यदि कोई कमी दिखाई पड़ती है तो उसमें सुधार किया जायेगा

■ **गौरतलब है कि, विपक्ष, विशेषतः कांग्रेस पार्टी अग्निपथ योजना में कई खामियां बताकर केन्द्र सरकार की लगातार आलोचना करती रही है।**

■ **कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, मात्र चार साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती करना सही नहीं है, इसका भारतीय समाज और सुरक्षा दोनों पर गलत प्रभाव पड़ेगा।**

नई दिल्ली, 28 मार्च (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि, यदि सरकार को सशस्त्र सेनाओं में अग्निवीरों की भर्ती से संबंधित अग्निपथ योजना में कोई कमी दिखाई देती है तो जरूरत पड़ने पर वह इसमें सुधार करने के लिए तैयार है।

राजनाथ सिंह ने गुरूवार को एक निजी टेलीविजन चैनल के कार्यक्रम में अग्निवीरों से जुड़े सवाल पर कहा , इस सवाल का कोई औचित्य नहीं है। यह एक सच्चाई है कि सेना में युथफुलनेस होनी चाहिए। हमारे सेना के जवानों की उम्र 30, 35, 40 या 50 वर्ष की रही है। लेकिन जब हमारे 18 या 20 वर्ष के जवान होंगे अग्निवीर के माध्यम से तो मैं समझता हूं कि जोखिम उठाने का जज्बा जवानों में अधिक होता है।

उन्होंने कहा कि, यह प्रौद्योगिकी का युग है और इसमें जवान प्रौद्योगिकी में पारंगत भी होने चाहिए। ऐसे नौजवानों की भर्ती अग्निवीर के रूप में की जा रही है।

अग्निवीरों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे उपायों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। इस बात की पक्की गारंटी है उसके लिए तंत्र में जो भी बदलाव किया जा सकता है वह किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि योजना में कोई कमी दिखाई देगी और आवश्यक हुआ तो उसमें सुधार करने के लिए भी सरकार पूरी तरह तैयार है।

गौरतलब है कि, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस पार्टी अग्निपथ योजना में कई खामियां बताकर केन्द्र सरकार की लगातार आलोचना करती रही है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि, मात्र चार साल के लिए अग्निवीरों की भर्ती करना सही नहीं है, इसका भारतीय समाज और सुरक्षा दोनों पर गलत प्रभाव पड़ेगा।

# ‘कश्मीर से अफस्पा हटाने का बयान सिर्फ लोकसभा चुनाव की राजनीति है’

## नैशनल कांन्फ्रैंस उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि, लोकसभा चुनाव के नतीजे आने बाद अमित शाह कश्मीर से अफस्पा हटाने की बात भूल जायेंगे

■ **उमर अब्दुल्ला ने कहा कि, गृह मंत्री ने सिर्फ इतना कहा है कि, कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार किया जायेगा।**

श्रीनगर, 28 मार्च (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (अफस्पा) को हटाने का गृह मंत्री का वादा आगामी लोकसभा चुनावों से जुड़ा है।

अब्दुल्ला ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर में एक रैली के मौके पर संवाददाताओं से कहा, किसी गलतफहमी में मत रहिए। गृह मंत्री ने कभी नहीं कहा कि अफस्पा हटा दिया जाएगा, बल्कि उन्होंने कहा कि वह इस पर विचार करेंगे।

उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाना आगामी संसदीय चुनाव से जुड़ा है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस उपाध्यक्ष ने कहा, दुर्भाग्य से, गृह मंत्री को अब अफस्पा पर गौर करने की याद आई है। हमें डर है कि जैसे उन्होंने छठी अनुसूची में शामिल करने पर लद्दाख के लोगों को धोखा दिया, जिसे हिल काउंसिल चुनावों से पहले करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन कभी नहीं किया गया, वही हश्र अफस्पा हटाने को लेकर जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ होगा।

अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आगामी लोकसभा चुनाव में सभी पांच सीटें हारने के बाद भाजपा फिर से अफस्पा हटाना भूल जायेगी। यह पूछे जाने पर कि संसद में नेशनल कांफ्रेंस की क्या भूमिका होगी, उन्होंने कहा, आइए हम चुनाव जीतें। हमने पहले भी लोगों का प्रतिनिधित्व किया है और भविष्य में भी ऐसा करना जारी रखेंगे।

इंडिया समूह के बारे में पूछे जाने पर अब्दुल्ला ने कहा,हम इंडिया समूह से कभी अलग नहीं हुए। हम इंडिया समूह के साथ हैं और इसका हिस्सा बने रहेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को उम्मीद जताई कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जम्मू-कश्मीर में सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम (अफस्पा) हटाने की अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी।

## ‘पेपरलीक...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रस्तुत दस्तावेजों में सामने आया है कि जालोर व बांसवाड़ा से ऐसे अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और उनका चयन भी हुआ जिनके परिवार में पांच साल पहले एक भी व्यक्ति सरकारी नौकरी में कार्यरत नहीं था, लेकिन पांच साल में तकरीबन 20 से 25 लोगों को सरकारी नौकरी के लिये चयनित कर लिया गया। उन्होंने कहा कि शिकायत पत्रों अनुसार जिन अभ्यर्थियों का सब इंस्पैक्टर भर्ती परीक्षा में चयन किया गया है, उनके परिवारजन फर्जी डिग्रियों के माध्यम से परीक्षा में बैठने के योग्य बने और फिर चयनित भी कर लिये गये। जबकि इन सभी अभ्यर्थियों का एकेडमिक रिकॉर्ड यह नहीं दर्शाता कि वे परीक्षा में चयनित होने के योग्य है।

उन्होंने कहा कि कई अभ्यर्थियों, जिनका सरकारी नौकरी के लिये चयन किया गया है, उनके परिजनों ने परीक्षा में बैठने के लिये सरकारी स्कूलों में कार्यरत शिक्षा होने के फर्जी दस्तावेज पेश किये हैं। उन्होंने कहा कि जालोर के एक परिवार जिसके करीब 15 से 20 सदस्य सरकारी नौकरियों में नियुक्त हुए हैं, उसी परिवार में ही ऐसे लोग भी हैं जो अलग-अलग परीक्षाओं में पेपरलीक करने के प्रकरण में या तो गिरफ्तार हुए हैं या प्रमुख आरोपियों में से एक हैं।

# एम.डी.एम.के. सांसद ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या की

## मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सांसद गणेशमूर्ति पार्टी की ओर से टिकट नहीं मिलने की बात से आहत चल रहे थे

■ **पुलिस के अनुसार, 77 वर्षीय गणेशमूर्ति ने 24 मार्च को कोयंबटूर में अपने घर पर कुछ जहरीली गोलियां खाकर कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, फिर कोयंबटूर के एक अन्य निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उन्होंने दम तोड़ दिया।**

कोयंबटूर, 28 मार्च। मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एम.डी.एम.के.) पार्टी के नेता और इरोड से सांसद ए. गणेशमूर्ति का बृहस्पतिवार को सुबह कोयंबटूर के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने हाल ही में कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। पार्टी और पुलिस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐसी खबरें हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए टिकट न मिलने से आहत होकर उन्होंने कीटनाशक खा लिया। हालांकि पार्टी में उनके करीबियों ने इस कारण को बेबुनियाद बताया है। उधर, सांसद के निधन पर तमिलनाडु सीएम एमके स्टालिन ने दुख जताया है। बता दें कि गणेशमूर्ति ने डी.एम.के. से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी।

एम.डी.एम.के. सांसद गणेशमूर्ति के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि गणेशमूर्ति ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की और जिला सचिव के पद सहित विभिन्न पदों पर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। बाद में वह वाइको के नेतृत्व वाले एमडीएमके में शामिल हो गए थे।

स्टालिन ने एक बयान में कहा, उनके निधन से गहरा दुख हुआ है। वह एक बेहतरीन नेता थे। मैं द्रमुक, एमडीएमके के सदस्यों, उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं।

एम.डी.एम.के. प्रमुख वाइको ने गणेशमूर्ति के अकास्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया है और कहा कि उन्होंने गणेशमूर्ति के बेटे कपिलन और बेटी तमिलपिरिया से मुलाकात की और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने उन बातों को बेबुनियाद बताया कि टिकट न मिलने के कारण गणेशमूर्ति ने कथित तौर पर आत्महत्या की।

उधर, पुलिस के अनुसार, 77 वर्षीय गणेशमूर्ति ने 24 मार्च को यहां अपने घर पर कुछ जहरीली गोलियां खाकर कथित तौर पर आत्महत्या करने की कोशिश की थी।

## केजरीवाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बढ़ाने की मांग की थी।

केजरीवाल की तरफ से बहस करने के लिए वकीलों की फौज मौजूद थी, लेकिन उन्होंने कोर्ट की अनुमति लेकर हिंदी में निवेदन किया।

दिल्ली के लैफ्टिनैंट गवर्नर (एल.जी.) वी.के. सक्सैना की टिप्पणी कि ‘‘सरकार जेल से नहीं चलायी जा सकती,’’ पर उन्होंने सरकारों को बताया कि ‘‘यह एक राजनीतिक षड़यंत्र है और जनता इसका माकूल जवाब देगी।’’

समर्थन में रविवार को रैली केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस यहां 31 मार्च को एक रैली का आयोजन कर रही है। कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष अरविंद लवली ने कहा कि ‘‘रैली लोकतंत्र को बचाने के लिए आयोजित की जा रही है तथा इसका संदेश ना केवल दिल्ली, बल्कि पूरे देश में जाएगा।’’

उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन के शीर्ष नेता रैली को संबोधित करेंगे।

इस बीच, दिल्ली हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका को खारिज किया, जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग की गई थी।

कोर्ट ने कहा कि ‘इस मामले में न्यायिक हस्तक्षेप का कोई स्कोप नहीं है तथा इस मुद्दे पर सरकार के अन्य विभाग विधि सम्मत परीक्षण कर सकते हैं। कोर्ट यह स्पष्ट करता है कि उसने इस केस के गुणावगुण पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।’’

## द इकॉनमिस्ट का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

8200 करोड़ रूपए एकत्रित हुए। अतः प्रत्यक निर्वाचन क्षेत्र के खाते में करीब 17 करोड़ रूपए जा सकते हैं।

इसी प्रकार तृणमूल कांग्रेस ने भी 1600 करोड़ रूपए हासिल किए है और इसके मात्र 42 सीटों का ही चुनाव खर्च उठाना है। इस प्रकार यह प्रति सीट 38 करोड़ बैठता है, जो काफी ज्यादा है। एक क्षेत्रीय पार्टी को इतना सारा चंदा मिलना बड़ी बात है।

व्यक्तिगत विवरण की बात नहीं करते हैं क्योंकि बहुतो को वह ज्यादा अच्छी नहीं लगेगी। लेकिन भारत में लोकतंत्र काफी महंगा सौदा है। लंदन की ‘‘इकोनॉमिस्ट’’ मैगज़ीन में लिखती है कि वर्तमान वर्ष में भारत के आम चुनाव विश्व के सर्वाधिक महंगे चुनाव होंगे। अविश्वसनीय रूप से ये चुनाव अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से भी ज्यादा बड़े हैं।

ब्लूमबर्ग बैंक के अनुसार, वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 8.6 बिलियन डॉलर खर्च हुए थे और वर्तमान चुनाव में करीब 15 अरब डॉलर खर्च होने की उम्मीद है। देश की 3.5 ट्रिलीयन डॉलर की अर्थव्यवस्था को देखते हुए आम चुनावों में खर्च होने वाला धन जी.डी.पी. का सिर्फ 0.15 प्रतिशत होगा।

अधिकांश लोग सोचेंगे कि यह तो बहुत ही कम है, लेकिन दो कारणों को लेकर वास्तव में नहीं। पहला तो यह कि आम चुनाव अन्ततः कीमतों में वृद्धि करते हैं। चूंकि अधिकांश व्यय ग्राउण्ड लैवल पर होते हैं तो इससे कुछ समय के लिए लोकल लैवल पर आय बढ़ जाती है। इससे सबसे निचले स्तर पर कुछ समय के लिए वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है।

ऐसी स्थिति में किसी अधिक समेकित मौद्रिक नीति की उम्मीद करना संदर्भ से परे सोचने के समान होगा।

दूसरा यह कि अधिंकाश व्यय नकद में होंगे। धन देने और खर्च करने वाले वहां बेतहाशा खर्च करेंगे जहां ‘पैन नम्बर’’ की जरूरत प्राथमिक नहीं मानी जाती। अतः ब्लैक मनी सर्कूलेट होने की भी आशंका है।

मेरा अनुमान है कि नोटबंदी का अगला दौर सरकार की प्राथमिकता नहीं होगा।

## अभिनेता गोविंदा शिवसेना (शिंदे गुट) से चुनाव लड़ेंगे

■ **गोविंदा ने एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना जॉइन की।**

मुंबई, 28 मार्च। पूर्व सांसद और मशहूर फिल्म स्टार गोविंदा एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना में शामिल हो गये हैं। गोविंदा को मुंबई-उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से शिवसेना यूबीटी के अमोल कीर्तिकर के मुकाबले मैदान में उतारा जा सकता है। 2004 के लोकसभा चुनाव में गोविंदा ने कांग्रेस के बैनर तले मुंबई उत्तर लोकसभा से चुनाव लड़ा था। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नाईक को हराया। हालांकि, बाद में गोविंदा ने 2009 के लोकसभा चुनाव में चुनाव न लड़ने का फैसला करते हुए कांग्रेस पार्टी और राजनीति से नाता तोड़ लिया। बीते हफ्ते गोविंदा और महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे की दूसरी मुलाकात हुई थी, तब से ऐसी अटकलें लगाई जाने लगी की हीरो नंबर वन अभिनेता एक बार फिर सियासी पारी खेल सकते हैं।

# सी.पी. जोशी दिन में चार बार निर्णय बदल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

■ **अजमेर से रघु शर्मा, जो आजकल पायलट के खेमे में है, उम्मीदवार बनने को तैयार हैं, और भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा भी उम्मीदवार बनने को तैयार हैं। पर, जयपुर का ‘‘कॉकस’’ (गहलोत, सी.पी. जोशी, डोटासरा आदि) यह कभी नहीं होने देना चाहते, क्योंकि दोनों संभावित उम्मीदवार सचिन के नजदीक बताये जाते हैं।**

अपना रुख बदल दिया और फिर से अनिश्चय की स्थिति में आ गए। सूत्रों का कहना है कि, अब वो चुनाव लड़ने के लिए मना कर रहे हैं।

समस्या यह है कि, जयपुर में बैठे अशोक गहलोत अभी भी कांग्रेस पार्टी और टिकटों के बंटवारे को कंट्रोल कर रहे हैं और सी.पी. जोशी उनके साथी हैं, दोनों ही सचिन पायलट को किसी भी तरह का फायदा नहीं देना चाहते।

प्रश्न यह पूछा जा रहा है कि, गहलोत अभी भी अपना अधिकार क्यों जता रहे हैं और क्यों उनकी स्थिति मजबूत बनी हुई है?

शायद इसलिए क्योंकि, उन्हें किसी कारण से मल्लिकार्जुन खड़गे का समर्थन प्राप्त है।

और शायद इसलिए, क्योंकि, राहुल गाँधी कुछ बोलते नहीं हैं और कोई स्टैण्ड नहीं लेते हैं। वो तो सी.ई.सी. की बैठकों में शामिल भी नहीं होते हैं। और अब, जबकि, राजस्थान के टिकटों का मामला सी.ई.सी. के दायरे से बाहर है, तो जयपुर के गुट को खुली छूट मिल गई है, ये लोग सबसे अयोग्य प्रत्याशियों का चयन कर रहे हैं, जो या तो पार्टी में नहीं हैं, या चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं या फिर उनके विरुद्ध केस चल रहे हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता, आलोक शर्मा भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनने को तैयार हैं और ब्राह्मण भी हैं, लेकिन जयपुर का ‘‘कॉकस’’ (गहलोत, सी.पी. जोशी, डोटासरा आदि) यह कभी नहीं होने देना चाहता और उनकी उम्मीदवारी को ब्लॉक कर रहा है।

जहाँ तक अजमेर और रामचंद्र चौधरी का सवाल है, डोटासरा यह कहते हुए उनकी उम्मीदवारी का बचाव कर रहे हैं कि, उनके विरुद्ध कोई अपराध सिद्ध नहीं हुए हैं और यदि चुनाव आयोग प्रश्न उठाता है तो सही समय पर वो उनका जवाब देंगे। उनके विरुद्ध पॉक्सो केस है, वो 80 वर्ष के हैं और छः बार चुनाव हार चुके हैं।

लेकिन, लगता है कि, जयपुर नेतृत्व को उन्हें बदलने में या पार्टी को इस सीट पर जीत दिलाने में कोई रुचि नहीं है, क्योंकि, वो गहलोत के करीब हैं।

विकल्प हैं रघु शर्मा, जो अब पायलट कैम्प में हैं और उम्मीदवार बनने को तैयार हैं और यदि पायलट उनके लिए गहन प्रचार करते हैं तो वो अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

प्रश्न यह है, क्या राजस्थान में भाजपा की मदद करने के लिए सोच समझकर कमज़ोर प्रत्याशी खड़े किए जा रहे हैं?

## बहुत गहरे ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सचिव के पद पर ए.बी.वी.पी. के गोविंद डांगी को 508 वोटों से अंतर से हरा कर पराजित कर दिया। हालांकि उनकी यह विजय समस्त चार उम्मीदवारों में सबसे कम वोटों से विजयी हुई है। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनावों में शुक्रवार को 73 प्रतिशत छात्रों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था, यह पिछले 12 वर्षों में सबसे अधिक है। चुनावों में लेफ्ट के उम्मीदवारों को धुआंधार विजय प्राप्त हुई है, ए.बी.वी.प ी. केवल इसलिए चुनावों में टक्कर दे पाई क्योंकि चुनावी संघर्ष बहु कोणीय था जैसा कि कांग्रेस का छात्र संगठन एन.एस.यू.आई. व अनेक निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में थे।

## कोटा में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

करवाया जाएगा। तब तक उसके शव को मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है। पुलिस निरीक्षक शर्मा ने बताया कि, छात्रा के कमरे का दरवाजा सुबह से नहीं खुला था।

छात्रा ने सुबह से खाना भी नहीं खाया था। ऐसे में उसके पास के रूम में रहने वाले अन्य स्टूडैंट्स ने उसका दरवाजा खटखटाया तो छात्रा ने दरवाजा नहीं खोला तब उन्होंने दरवाजे के ऊपर लगे रोशनदान से अंदर झांका।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर और दरवाजे को तोड़कर कमरे के अंदर दाखिल हुई। इस मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है।

## अमेरिका ने फिर से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बुलाकर उनके देश की टिप्पणियों पर विरोध जताया था। अमेरिका के विदेश विभाग द्वारा गुरुवार को फिर से केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज़ करने, पर टिप्पणी की गई। इसके बाद विदेश विभाग के प्रवक्ता, रणधीर जयसवाल ने मीडिया कर्मियों को कहा कि टिप्पणियां अवांछित थी। उन्होंने कहा, ‘‘हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रिया पर किसी दूसरे देश के इस तरह के आरोप पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। भारत और अमेरिका के मध्य मजबूत द्विपक्षीय रिश्ते हैं और हाल के वर्षों में रक्षा और महत्वपूर्ण तकनीकों के क्षेत्रों में दोनों ने मिलकर महत्वपूर्ण प्रगति की है। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हाल में हुयी तीखी-टिप्पणियों के आदान-प्रदान ने एक विवाद खड़ा कर दिया है।

जयसवाल ने कहा कि अमेरिका के विदेश विभाग के अधिकारी की टिप्पणियों के विरूद्ध भारत ने पहले ही अमेरिकी दूतावास के एक वरिष्ठ अधिकारी को अपना विरोध और आपत्ति दर्ज करा दी है। उन्होंने आगे कहा कि ‘‘भारत को अपनी निष्पक्ष और मजबूत लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर गर्व है और देश इनको किसी भी गैर जरूरी बाहरी प्रभाव से रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।’’ जयसवाल ने आगे कहा कि, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए आपसी समझ और आदर जरूरी है और देशों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों के लिए आदर होना चाहिए।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता, मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका केजरीवाल की गिरफ्तारी से संबंधित तथ्यों पर कड़ी नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, ‘‘हमको कांग्रेस पार्टी के उन आरोपों के बारे में भी जानकारी है जिसके अनुसार, कांग्रेसी पार्टी के बैंक खातों के फीज़ होने के बाद आगामी चुनावों में उनके लिए प्रभावी चुनाव प्रचारकरना मुश्किल हो गया है। ‘‘इन दोनों मुद्दों पर निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं।’’

# ‘जम्मू-कश्मीर को किस पीड़ा और दुविधा में धकेला गया है, उसे केवल कांग्रेस और खासतौर पर राहुल गांधी ही समझ सकते हैं’

## पूर्व मु.मंत्री महबूबा मुफ्ती ने अपनी किताब ‘‘भारत जोड़ो यात्राः रीक्लेमिंग इंडियाज़ सोल’’ में राहुल गांधी की जमकर प्रशंसा की

■ **महबूबा मुफ्ती ने अपनी किताब में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के कई वृत्तांतों का जिक्र किया है।**

■ **महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि, राहुल गांधी कश्मीर के हर मुद्दे के जानकार एवं परिपक्व राजनेता हैं और यह बात सब जानते हैं कि, राहुल गांधी की जनता में छवि खराब करने में भाजपा ने भारी धनबल और संसाधनों का इस्तेमाल किया है।**

नई दिल्ली, 28 मार्च। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पी.डी.पी.) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने एक नई किताब में लिखा है कि जम्मू कश्मीर को किस पीड़ा और दुविधा में धकेला गया है, उसे केवल कांग्रेस और खासतौर पर राहुल गांधी ही समझ सकते हैं। भारत जोड़ो यात्राः रिक्लेमिंग इंडियाज सोल शीर्षक वाली यह पुस्तक निबंधों का एक संग्रह है जिसका विमोचन शुक्रवार को किया गया। मुफ्ती ने इसमें अपने निबंध में लिखा है कि भारत के विचार को बचाने का रास्ता जम्मू-कश्मीर से होकर जाता है जो अपने आप में लघु भारत है और जहां विभिन्न धर्मों के लोग सदियों से शांतिपूर्ण तरीके से साथ-साथ रहे हैं।

पुस्तक पाठकों को राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराती है जिसमें सितंबर 2022 से जनवरी 2023 तक 4,000 किलोमीटर की देशव्यापी यात्रा की गई थी। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने अपने निबंध भारत जोड़ोः रेस्टोरिंग कश्मीरियत, जम्हूरियत में राहुल गांधी की प्रशंसा की है। इसे उन्होंने अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती के साथ लिखा है। उन्होंने कहा, आज पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य के हर कोने में लोग थोड़ा बदलाव महसूस कर रहे हैं। अगर कोई इतिहास के पन्ने पलटे, तो शायद केवल कांग्रेस, खासकर आरजी (राहुल गांधी) ही हैं, जो जम्मू-कश्मीर के दर्द और दुविधा को समझ सकते हैं।

मुफ्ती ने लिखा, मुझे उम्मीद है कि यदि इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन 2024 के चुनाव में जीतता है तो वह मेरे लोगों के घावों को भरने का प्रयास करेगा। पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) विपक्षी इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ घटक दल की तरह शामिल है। गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच केंद्र शासित प्रदेश में सीटों के बंटवारे पर अभी तक फैसला नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा, न केवल एक कश्मीरी के नाते, बल्कि मुख्यधारा की नेता होने के नाते, जिसने तीन दशक पहले राजनीति के उतार-चढ़ाव को अपनाया, मैंने जम्मू-कश्मीर में ऐसी निराशा और हताशा पहले कभी नहीं देखी। लोग अपनी पहचान, जमीन और नौकरियों को लेकर असुरक्षा की गंभीर भावना से ग्रस्त हैं।

मुफ्ती ने कहा, ऐसी संकटपूर्ण परिस्थितियों में, कोई भी यह नहीं बता सकता कि राज्य भर में लोगों की पीड़ा को कम करने में कांग्रेस कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि व्यक्तिगत और राजनीतिक स्तर पर जवाहरलाल नेहरू के अथक प्रयासों ने ही जम्मू कश्मीर का भारत में विलय सुनिश्चित किया।

उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के समय राहुल गांधी से अपने संवाद का उल्लेख करते हुए कहा, मैंने पहले भी राहुल गांधी से बात की है लेकिन इस बार मैंने उनका पूरी तरह अलग पक्ष देखा। हमने कई विषयों जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों शामिल थे, पर बात की और मैंने उन्हें अच्छा जानकार पाया। मुझे हैरानी होती है कि उन्हें गलत तरह से एक अनजान राजनेता पेश करने में भाजपा का कितना पैसा और ऊर्जा बर्बाद होती है।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908




“BOOK NOW AND TAKE DELIVERY DURING NAVRATRI ALONG WITH EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 50 000”

Scan to explore NEXA World

Scan to chat on WhatsApp

**UDAIPUR: NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **RAJSAMAND: NEXA RAJNAGAR** (TECHNOY MOTORS PH: 9251988300).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Consumer offers applicable for 2023 model while stocks last. March'24 offers applicable on invoicing till 31st March and delivery till 10th April'24. For more details regarding offers please contact your nearest NEXA dealership. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.